Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 09 जून, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-160

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा शपथ-ग्रहण समारोह आज

# जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र दामोदरदास मोदी



**नई दिल्ली, 08 जून (एजेंसियां)।** तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री चुने गए नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण रविवार शाम को होने वाला है। इस बार भारतीय जनता पार्टी को बहुमत नहीं मिला, लेकिन इंडी गठबंधन को मिला कर आई सीटों से अधिक सीटें लाकर भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपना स्थान बनाए रही। एनडीए के सहयोगी दल टीडीपी और जदयू के बेहतरीन प्रदर्शन से एनडीए को मजबूती मिली और एनडीए ने सरकार बनाने के लिए जरूरी 272 सीटों से अधिक का संख्याबल हासिल कर लिया। अब एनडीए के पास 303 सांसदों की ताकत है।

## मंत्रियों को लेकर चल रहा विचार-विमर्श
## मोदी मंत्रिमंडल में दिखेगी संघम-शक्ति

कल होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री का पद संभालने वाले सांसदों की लिस्ट पर भी संघम-शक्ति का असर देखने को मिलेगा। स्पष्ट है कि इस बार टीडीपी और जदयू के नेताओं को अधिक तवज्जो मिलेगी। सियासी गलियारे के साथ-साथ जन-चौपालों में भी इस बात को लेकर चर्चा है कि चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी से कौन मंत्री बनेंगे और नीतीश कुमार के जदयू से कौन। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना टीडीपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी है, लिहाजा इस बात की चर्चा है कि पवन कल्याण केंद्र में मंत्री बन सकते हैं। इसके अलावा राम मोहन नायडू की भी चर्चा है।

बिहार में भारतीय जनता पार्टी, जदयू और चिराग पासवान की लोजपा, जीतनराम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) को जीत मिली है। अब बिहार में भी मंत्रियों से किस प्रकार से मंत्री बनाए जाएंगे उसका फॉर्मूला भी सामने आ चुका है। बिहार सरकार में जिस फॉर्मूले से मंत्री बनाए गए थे। उसी तरह से केंद्र में भी मंत्री का पद दिया जाएगा। यानी, बिहार से भारतीय जनता पार्टी के जितने सांसद मंत्री बनेंगे, उतने ही जदयू के सांसद भी मंत्री बनेंगे। जदयू और भाजपा अलग-अलग जातीय समीकरण के हिसाब से ▶10पर

## शपथ ग्रहण के जरिए चीन को हाशिए पर करने की रणनीति

**नई दिल्ली, 08 जून (एजेंसियां)।** भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की लगातार तीसरी बार जीत के बाद नरेंद्र मोदी रविवार 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इसके साथ ही देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले दूसरे नेता बन जाएंगे। नरेंद्र मोदी के प्रत्येक निर्णय में दूरगामी संदेश और उद्देश्य निहित रहता है। इस बार शपथ ग्रहण समारोह में उन्हीं राष्ट्र प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है, जिससे चीन और पाकिस्तान को अलग-थलग किया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी भारत सरकार का फोकस पड़ोसी देशों पर रहेगा और भारत उनसे बेहतर संबंध स्थापित करेगा। भारत सरकार की कोशिश चीन और पाकिस्तान जैसे देशों को अलग-थलग करने की है, क्योंकि ये दो पड़ोसी भारत के खिलाफ श्रीलंका, मालदीव, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश का इस्तेमाल करने की रणनीति पर काम करते रहे हैं। भारत सरकार इन देशों से संबंधों को और प्रगाढ़ बनाकर चीन-पाकिस्तान की चाल नाकाम करने की नीति पर चलेगी।

इसीलिए शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया गया है। इसे पड़ोसी देशों के प्रति भारत की प्राथमिकता के तौर पर देखा जा रहा है। लेकिन इस आमंत्रण से चीन और पाकिस्तान को अलग रखा गया है। भारत ने मालदीव के चीन-प्रेमी राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जु तक को आमंत्रित किया है, जिन्हें भारत विरोधी बयानबाजी के कारण हाल ही में काफी अपमानित होना पड़ा था। ▶10पर

मोदी के तीसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री पर बड़ी सतर्कता

# ताकि पूर्व रक्षा मंत्री की गलतियां दोहराई न जाएं




## सिविल इंजीनियर को सेनाध्यक्ष बनाया, अग्निवीर का दुष्प्रयोग किया
## सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मसलों पर रक्षा मंत्री को लेना होगा फैसला

**नई दिल्ली, 08 जून (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में एनडीए सरकार 9 जून को शपथ लेगी। एनडीए के तीसरे कार्यकाल में इस बार रक्षा मंत्री का पद किसे मिलता है, इस पर लोगों की निगाहें टिकी हैं। नए रक्षा मंत्री 11 जून तक पदभार संभाल लेंगे। रक्षा मंत्री जो भी बनेगा, उसके समक्ष कई नई चुनौतियां सामने आने वाली हैं। इनमें इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड, एलएसी पर चीन के साथ तनाव, नए थलसेना अध्यक्ष का चयन और अग्निवीर जैसे तमाम मुद्दे शामिल हैं। इन मसलों पर निर्णायक फैसले की पूरे देश को प्रतीक्षा है।

रक्षा मंत्री के पद पर एनडीए गठबंधन में शामिल बड़े दलों की निगाहें हैं। जदयू ने रक्षा मंत्रालय देने की मांग की है। लेकिन रक्षा मंत्रालय भाजपा अपने पास रखना चाहती है, क्योंकि विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय की नीतिया अंतरसम्बद्ध रहती हैं। जदयू अटल बिहारी वाजपेयी के जमाने का हवाला देकर रक्षा मंत्री का पद हासिल करना चाहता है। उस समय (1998-2004) जॉर्ज फर्नांडिस रक्षा मंत्री थे। देश में नए सेनाध्यक्ष की भी नियुक्ति होनी है। सरकार ने 26 मई को मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे को एक माह का सेवा विस्तार दे दिया था। उनका कार्यकाल 31 मई को खत्म होने वाला था। लेकिन अब वे 30 जून को रिटायर होंगे। सेनाध्यक्ष की नियुक्ति में रक्षा मंत्री की सीधी भूमिका नहीं होती, लेकिन भारतवर्ष में बिना राजनीति के कोई महत्वपूर्ण पद पर बैठने वाला अधिकारी निर्धारित ही नहीं होता। वैसे, लेकिन नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया में सेनाध्यक्ष की नियुक्ति की अनुशंसा वाले पैनल पर रक्षा मंत्री के ही हस्ताक्षर होते हैं और रक्षा मंत्री ही उन नामों को कैबिनेट की नियुक्ति समिति (अपाइंटमेंट कमेटी ऑफ कैबिनेट, एसीसी) के समक्ष रखते हैं। एसीसी में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी शामिल होते हैं। नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति पर आखिरी फैसला प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली कैबिनेट की नियुक्ति कमेटी ही लेती है। पहले ये फैसला कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी करती थी, जिसमें रक्षा मंत्री शामिल होते थे।

सेना में सुधार (मिलिट्री रिफॉर्म्स) सरकार के एजेंडे में शामिल है। अपने संकल्प पत्र में भी भाजपा ने इसे प्रमुखता से शामिल किया था। वहीं, सरकार ने सेना के थिएटराइजेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें नए सेनाध्यक्ष का अहम रोल होगा। ▶10पर

राजद ने कहा: बिहार को विशेष दर्जा दिलाएं

## नीतीश ने कहा : खुद जेल के दर्जे की सोचें



**पटना, 08 जून (एजेंसियां)।** दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह से पहले बिहार की सियासत गरमा गई है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीएम नीतीश कुमार मजबूत स्थिति में आ गए हैं। इससे चिढ़े इंडी गठबंधन के नेता लगातार सीएम नीतीश कुमार और उनकी पार्टी पर हमला बोल रहे हैं। उनके कई सवाल पूछ रहे हैं। राजद विधायक भाई वीरेंद्र और कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अब केंद्र सरकार के अंग हो गए हैं। 12 सीटें जीतकर उनकी भूमिका केंद्र सरकार में बढ़ गई है।

उनसे अपील है वह बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएं। बिहार के विकास पर फोकस करें। इतना ही नहीं कांग्रेस नेता ने पटना विश्वविद्यालय को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि कई साल से पटना विश्वविद्यालय को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलाने की मांग हो रही है। पीएम मोदी जब पटना विवि आए थे तब भी यह मांग उठी थी। अब सीएम नीतीश कुमार से लोगों को उम्मीद है कि वह बिहार को विशेष राज्य और पटना विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलाएंगे।

जदयू ने कहा, जदयू के कितने सांसद मंत्री बनेंगे या नहीं, इसकी चिंता किसी को नहीं करनी चाहिए। इसका निर्णय प्रधानमंत्री को लेना है। बिहार के लिए जो भी शुभ होगा, वह करेंगे। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की दिशा में भी काफी काम हो रहा है। सीएम नीतीश कुमार स्पष्ट कर चुके हैं कि हमलोग बिहार की जरूरत पीएम मोदी जरूर पूरा करेंगे। ▶10पर

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में रहेंगे एनएसजी कमांडो



## 20 हजार अतिरिक्त बल देने की केंद्र से मांग

**जम्मू, 08 जून (ब्यूरो)।** अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा तैयारियां केज हो गई हैं। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से 20 हजार अतिरिक्त बल तैनात करने की मांग की है। इसके अलावा एनएसजी कमांडो भी तैनात किए जाएंगे और बड़ी संख्या में ड्रोन की भी सहायता ली जाएगी।

29 जून से शुरू हो रहे अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृहमंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम को कश्मीर में डेरा डालने के निर्देश गृहमंत्री द्वारा दिए गए हैं। अमरनाथ यात्रा के दौरान आशंकित आतंकी हमले को देखते हुए केंद्र सरकार ने एनएसजी कमांडो की कई टुकड़ियों को कश्मीर में तैनात करने का फैसला लिया है। श्रीनगर शहर के अलावा दक्षिण कश्मीर में भी इन जवानों को तैनात किया जाएगा। सुरक्षा कारणों से इनकी लोकेशन को गुप्त रखा गया है। यह खतरा लोकसभा चुनावों में आतंकियों द्वारा कुछ न कर पाने से परेशान पाकिस्तान के कुत्सित इरादों के कारण दिख रहा है।

अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षाबलों ने रणनीति तैयार कर ली है। यात्रा मार्ग पर स्थित आधार शिविरों के अलावा 300 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मल्टी टीयर सुरक्षा बंदोबस्त रहेंगे। सुरक्षा के पहले घेरे में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सशस्त्र सीमा बल, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवान तैनात रहेंगे और सेना के जवान बाहरी सुरक्षा घेरे को मजबूती प्रदान करेंगे। ▶10पर

## सेनगुप्ता कमेटी की रिपोर्ट ठंडे बस्ते में डाल दी

**जम्मू, 08 जून (ब्यूरो)।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के प्रशासन काल की यह तीसरी अमरनाथ यात्रा है। सरकार पुनः इसे पर्यटन के रूप में लेना चाहती है ताकि अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वालों के बीच कश्मीर की खूबसूरती को बेचा जा सके। इसी कारण अमरनाथ यात्रा के लिए तैयार डॉ. नितिन सेनगुप्ता की रिपोर्ट को एक बार फिर ठंडे बस्ते में डाल 8 से 10 लाख के करीब श्रद्धालुओं को यात्रा में शामिल होने का न्यौता देने के साथ ही उनके लिए प्रबंध किए जा रहे हैं।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अमरनाथ यात्रा भी अजीब दास्तान बन गई है। आधिकारिक तौर पर संख्या को लेकर कुछ नहीं कहा जाता है। पर जो आंकड़ा प्रतिदिन श्रद्धालुओं को भिजवाने का तय किया गया है वह ही इस संख्या को 10 लाख तक पहुंचाता है। अर्थात प्रतिदिन 20 हजार श्रद्धालुओं को इसमें शामिल होने की अनुमति दी जानी है जिसमें हेलीकाप्टर से शिरकत करने वाले नहीं गिने गए हैं। मजेदार तथ्य इन आंकड़ों का यह है कि अक्सर इस यात्रा में कश्मीर से भी हजारों स्थानीय निवासी शामिल होते हैं। कश्मीर में पहले से ही घूम रहे लोगों के साथ ही सुरक्षाकर्मी भी ▶10पर

कांग्रेस कार्यकारिणी ने पारित किया प्रस्ताव

## राहुल को नेता विपक्ष बनाने की मुहिम




## सोनिया चुनी गईं संसदीय दल की नेता

**नई दिल्ली, 08 जून (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव के बाद हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, कांग्रेस कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद स्वीकार करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता पद के लिए राहुल गांधी सबसे उपयुक्त व्यक्ति है। कांग्रेस नेता भूपेंदर सिंह हुड्डा ने भी कहा, राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाना चाहिए। यही सबकी मांग है और यही कांग्रेस को मजबूती देगी। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा, जब भी कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी से कुछ अपेक्षा की है तो उन्होंने पार्टी की ख्वाहिश पूरी की है। आज कांग्रेस पार्टी उनसे गुजारिश करती है कि वो देश की आवाज़ सदन में उठाएं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, सबने यही बोला है कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनें। यही होना भी चाहिए।

वहीं कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल का नेता चुना गया है। कांग्रेस संसदीय दल की शनिवार शाम को यहां संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित नव निर्वाचित सांसदों तथा राज्यसभा सदस्यों की बैठक में श्रीमती गांधी को दोबारा निर्विरोध संसदीय दल का नेता चुना गया है। श्रीमती गांधी लोकसभा में कांग्रेस के नेताओं को नामित करेंगी। ▶10पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद
अधिकतम : $26^0$
न्यूनतम : $24^0$

परिवारवाद की राजनीति लोकतंत्र का नासूर है!

# पर संसद में दिखेंगे मुलायम के पांच रिश्तेदार

**लखनऊ, 08 जून (एजेंसियां)।** परिवारवाद पर जोरदार प्रहार करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार संसद में परिवारवाद की फलित राजनीति से मुखातिब होंगे। मुलायम परिवार के नौ सांसद लोकसभा और राज्यसभा में अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लेकिन ये सब इटावा से जुड़े हुए हैं। पहली बार लोकसभा में इटावा के सात लोग पहुंचे हैं। इनमें पांच सांसद मुलायम परिवार के सदस्य हैं। राज्यसभा में इटावा जिले के दो सदस्य पहले से हैं। इनमें से भी एक सांसद मुलायम परिवार के हैं। देश में 28 राज्य और आठ केंद्र शासित प्रदेश हैं। इनमें कुल 797 जिले हैं।

मुलायम सिंह यादव और उनके परिवार की वजह से इटावा की इन सभी जिलों में पहले से ही अलग धाक रही है। लेकिन इस बार संसद में इटावा सबसे मजबूत है। जहां एक ओर सपा ने लोकसभा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करके 37 जीती हैं। वहीं इनमें से सात सांसद इटावा से ही हैं।

अकेले सैफई से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुलायम परिवार से स्वयं कन्नौज से, उनकी पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से, चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ से, चचेरे भाई अक्षय यादव फिरोजाबाद से, चचेरे भाई



इटावा के नौ सांसद, एक रिश्तेदार राज्यसभा में भी

आदित्य यादव बदायूं से सांसद बने हैं। इटावा के सांसद जितेंद्र दोहरे के साथ ही एटा के सांसद देवेश शाक्य भी इटावा के निवासी हैं। राज्यसभा में प्रो. रामगोपाल यादव और भाजपा से गीता शाक्य राज्यसभा सदस्य हैं। गीता शाक्य का पैतृक गांव भरथना क्षेत्र का सिन्हुआ है। वह वर्तमान बिधूना में बनवाए नए आवास में रहती हैं।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। मुलायम सिंह परिवार के सबसे बड़े बेटे हैं। 2012 से 2017 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। 2022 में विधानसभा करहल से विधायक बने थे। साथ ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए वह कन्नौज से चुनाव लड़े और यहां से भी लगभग 1.70 लाख वोटों से बड़ी जीत दर्ज की है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुत्र वधु और अखिलेश यादव की पत्नी हैं। 2012 में वह कन्नौज में हुए उपचुनाव में निर्विरोध सांसद बन चुकी हैं। ▶10पर

TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

## आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आप सूर्य नमस्कार करते रहें दिन शानदार गुजरेगा । पुराने साथियों से मुलाकात होगी। आज पार्टी में शामिल हो सकते हैं। आज सकारात्मकता ज्यादा रहेगी।छात्रों को लाभ होगा। समय पर कार्य पूरे कर पाएंगे। दफ्तर सहयोगियों के साथ मधुरता रहेगी। नया काम शुरू कर सकते हैं। लाइफ पार्टनर का पूरा सहयोग मिलेगा। नए विचार आएंगे। धन लाभ होगा। सेहत ठीक रहेगी। दिनचर्या में बदलाव होगा। रिश्तेदारों के यहां धार्मिक काम पूजा पूठा का कार्यक्रम रहेगा आप व्यस्त रहेंगे ।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आज छात्रों को कडी महनत करने पर प्रतियोगीता मे कामयाबी मिलेगी । कारोबार की स्थिति ठीक रहेगी। यात्रा पर जाने का प्लान बनाएंगे। चुनौतियों का बखूबी मुकाबला कर पाएंगे। आपके शासकीय कार्य पूरे होंगे। पारिवारिक जिम्मेदारी पूरी कर पाएंगे। विद्यार्थियों को ज्यादा मेहनत करनी होगी। धन संबंधी दिक्कतें दूर होंगी। सेहत का ख्याल रखें। प्रभु की आराधना करें। मानसिक शांति मिलेगी। निवेश को फिलहाल टाल दें। पदोन्नति और तबादला हो सकता है,व्यर्थ का खर्चा करने की आदत को सुधारें उन्नति निश्चित होगी।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह

आज विरोधी आप को नुकसान पहुंचा सकते हैं । विरोधियों से सावधान रहना होगा । अनजान लोगों के सामने निजी चर्चा करने से बचें। कोई आपके सरल स्वभाव का फायदा उठा सकता है। कार्यस्थल पर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ज्यादा खर्च हो सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश कर सकते हैं। बुजुर्गों की सेहत बिगड़ सकती है। सगे संबंधियों से मुलाकात हो सकती है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। अपने काम के प्रति जिम्मेदार रहें। डिनर मे कुछ हल्का भोजन ही करें स्वास्थ्य बहतर रहेगा सुबह योग और व्यायाम भी करते रहें।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आज लक्ष्मी जी को कनेर के पुष्प से सहस्त्रार्चन करें धन कोष मे वृद्धि होगी रुकी हुई रकम वापस मिलेगी। आपको मित्रों से लाभ होगा। घूमने के लिए जाएंगे। पारिवारिक आयोजन होंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। पुरानी रूकी हुई रकम मिलेगी। आपकी आर्थिक समस्या का हल होगा। युवाओं के लिए रिश्ते की बात चल सकती है। सामाजिक आयोजन में हिस्सा ले सकते हैं। जीवनसाथी का ख्याल रखें। सेहत ठीक रहेगी। निवेश के मौके मिल सकते हैं। छात्रों को पढाई अव्वल आना हो तो अपनी दिनचर्या मे बदलाव लाना होगा ।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आज धन से जुडी हुई दिक्कतें दूर होंगी आपके रूके हुए कार्य पूरे होंगे। व्यापारिक गतिविधियों में तेजी रहेगी। आर्थिक स्थिति में उतार–चढ़ाव हो सकती है। आज जीवनसाथी भरपूर सहयोग मिलेगा। नया काम शुरू कर सकते है। छात्रों को सफलता मिलेगी। यात्रा कर सकते हैं। परिवार की स्थिति बेहतर होगी। नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। जोखिम वाले कार्य सावधानी से करें। हर किसी पर भरोसा न करें। सरकारी कार्य मे रुकावटें आ रही हैं तो नंदी को गेहूं का दलीया खिलाए कार्य मे तेजी आएगी ।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

आज अपिरिचित लोगों से धन का लेनदेन करते समय सावधानी बरतें क्योंकि आप के विरोधी सक्रिय रहेंगे। आपको सतर्क रहना होगा। कीमती सामानों की सुरक्षा करें। आज आपको आवश्यक काम में परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में लाभ होगा। दंपत्ति धार्मिक कार्यों में शामिल हो सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर है। सेहत अच्छी रहेगी। जोखिम न लें। अगर आप आलस्य को दूर करते हैं आप के सभी काम पूरें होंगे आप शाम का वक्त सुकून से गुजारेंगे ।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

आज का दिन उर्जा से भरपूर रहेगा तरक्की के रास्ते खुलेंगे आपको खुशखबरी मिलेगी। आपका कार्य आसानी से पूरा है। सामाजिक जिम्मेदारियों को आज पूरा कर पाएंगे। आज मानसिक रूप से आप मजबूत रहेंगे। निवेश कर सकते हैं। व्यवसायियों के लिए आज का दिन अच्छा है। धार्मिक काम में हिस्सा ले सकते हैं। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य रहेगा। नए लोगों से मुलाकात होगी। यात्रा कर सकते हैं। संतान आप को खुशखबरी वाली खबर सुनाएंगे परिवार मे खुशी का माहौल रहेगा।

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आज परेशानियों में बीत सकता है। जोखिम वाले कार्य करते समय लापरवाही न करें। चोट लगने की आशंका है। नौकरीपेशा लोगों को काम का तनाव रहेगा। धन लाभ होगा। परिवार के लोगों के साथ दिन बिता सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कुछ मतभेद हो सकते हैं। यात्रा करने के दौरान अनजान लोगों के संपर्क में न रहें। शत्रु शांत रहेंगे। सेहत का ख्याल रखें। युवाओं को कामयाबी मिलेगी। खानपान को लेकर लापरवाही न करें पेट सम्बंधित तकलीफ आप को परेशान करेगी।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

आज पारिवारिक जीवन ते उत्सव का माहौल रहेगा । रिश्तेदारों का आनाजाना लगा रहेगा । आज आपका खर्च ज्यादा होगा। कुसंगति से हानि हो सकती है। किसी के बहकावे में आकर अपने परिवार के लोगों पर संदेह न करें। जुआ, सट्टा, लाटरी जैसे व्यसनों से दूर रहें। नुकसान की आशंका है। लाइफ पार्टनर के साथ घूमने जा सकते हैं। अविवाहितों के लिए रिश्ते की सूचना मिलेगी। कैरियर मे दिक्कतें आ रही हैं तो रोज हनुमानजी को तेल सिन्दूर का श्रृंगार करें।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आज का दिन जोरदार रहेगा परन्तु अतिउत्साही नही होना हैं परिवार का सहयोग मिलेगा। लेकिन अपनी निजी बात किसी से शेयर न करें। नए लोगों से मुलाकात होगी। नौकरीपेशा लोगों को तरक्की मिल सकती है। कारोबार ठीक चलेगा। सेहत ठीक रहेगी। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति से मुलाकात होगी। आपकी योजना फलीभूत होने की संभावना है। आपका आध्यात्मिकता की ओर रूझान रहेगा। व्यवसाय में लाभ की स्थिति रहेगी दिनजनो की सेवा करनी चाहिए

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आप को धन की सेविंग जरूर करना चाहिए आने वाले समय मे परिवार के किसी सदस्य की सेहत बिगड़ने से आप चिंतित रहेंगे। मासिक बजट बिगड़ सकता है। तनाव दूर करने के लिए ईश्वर की आराधना करें। कठिन परिस्थिति निर्मित हो सकती है। किसी मित्र की मदद से आपका राहत मिल सकती है। विरोधी सक्रिय रह सकते हैं। यात्रा करते समय सतर्क रहें। किसी की बातों में न आएं। व्यवसाय की स्थिति ठीक रहेगी। अनजान लोगों पर भरोसा करना आप को जोखिम मे डाल सकता हैं व्यापार मे सतर्कता जरुरी हैं।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आप को अपने क्रोध पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी हैं किसी के साथ तनाव हो सकता है। अपरिचित लोग आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर पाएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन बेहतर है। कारोबारियों को आर्थिक लाभ होगा। सेहत का ध्यान रखें। जोखिम न लें। खर्च सावधानी से करें। दफ्तर का माहौल सामान्य रहेगा।बेरोजगारी दूर होने का समय हैं नौकरी की तलाश जारी रखें।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 09 जून 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : ज्येष्ठ , शुक्ल पक्ष
तिथि : तृतीया दोपहर 03:46 तक
नक्षत्र : पुनर्वसु रात्रि 08:21 तक
योग : वृद्धि सायं 05:20 तक
करण : गर दोपहर 03:46 तक
चन्द्रराशि : मिथुन दोपहर 02:08 तक
सूर्योदय : 05:41, सूर्यास्त 06:49 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:52, सूर्यास्त 06:45 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:44, सूर्यास्त 06:39 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:34, सूर्यास्त 06:39 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : महाराणा प्रताप जयंती , भद्रा रात्रि 03:55 से , रविपुष्य सिद्धि योग रात्रि 08:22 से

❊ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ❊

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# मालेरा में एंबुलेंस में 9 कट्टों में ले जाया जा रहा 180 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त, आरोपी फरार

**सिरोही,08 जून (एजेंसियां)।** पिंडवाड़ा पुलिस ने उदयपुर–पिंडवाड़ा फोरलेन पर मालेरा में एंबुलेंस में नौ कट्टों में ले जाया जा रहा 180 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया है। हालांकि इस मामले में आरोपी जंगलों में फरार हो गए। पकड़े गए डोडा पोस्त की कीमत 9 लाख रुपये बताई गई है।



पिंडवाड़ा पुलिस थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी की अगुवाई में टीम ने मालेरा में नाकाबंदी की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने वहां से गुजर रही एंबुलेंस को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें 9 कट्टों में भरा डोडा पोस्त पाया गया। सबसे बड़ी बात ये है कि इस मामले में आरोपी पुलिस को चकमा देकर जंगलों में भागने में सफल हो गए। इसकी कीमत 9 लाख रुपये बताई गई है। कार्रवाई में पिंडवाड़ा पुलिस थाना के उपनिरीक्षक जगदीश सिंह, हेड कांस्टेबल जगदीश कुमार, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह, आईदान सिंह, मुकेश कुमार और अरूण कुमार सम्मिलित रहे।

## एसआई भर्ती परीक्षा मामले में महिला प्लाटून कमांडर हिरासत में

**जोधपुर,08 जून (एजेंसियां)।** एसओजी की टीम आज मंडोर स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में एसआई भर्ती परीक्षा के मामले में महिला प्लाटून कमांडर से पूछताछ करने पहुंची। एसओजी लगातार एसआई भर्ती परीक्षा मामले में कार्रवाई कर रही है। एसओजी ने जयपुर में भी इस संबंध में कार्रवाई की। दोपहर में जोधपुर के मंडोर स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पहुंची टीम ने वहां से आरएसी प्लाटून कमांडर प्रभा विश्नोई को हिरासत में लिया और ट्रेनिंग सेंटर परिसर में ही पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरएसी प्लाटून कमांडर के घबराने पर टीम का शक पुख्ता हो गया।

# दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर एक बार फिर हुआ हादसा

### नींद की झपकी आने से कार पलटी, तीन घायल

**दौसा,08 जून (एजेंसियां)।** दौसा में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर सुबह नींद की झपकी आने से हाईवे पर चलती कार अचानक पलटी गई। जिसके चलते तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए दौसा के रामकरण जोशी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बांदीकुई थाना सब इंस्पेक्टर भरतलाल ने बताया कि गुजरात के पालनपुर निवासी एक परिवार के पांच लोग शनिवार सुबह दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार चालक को नींद की झपकी आने से कार सोमाडा गांव के पास पलटकर डिवाइडर के बीच आ गई। घटना में कार सवार तीन जने घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल दौसा में भर्ती करवाया गया है। घटना में शांताबाई पत्नी नानजी उम्र 60 साल और प्रयाग पुत्र महेश चौधरी उम्र 7 साल को अधिक घायल होने के कारण जयपुर रैफर किया गया है। एक जने के मामूली चोट आई है। पुलिस घटना की जानकारी ले रही है। अब बांदीकुई थाना पुलिस सारे मामले की जांच में जुटी है।

# अंबाजी मार्ग पर अनियंत्रित ऑटो पलटने से 11 लोग घायल, पांच की हालत गंभीर

**सिरोही,08 जून (एजेंसियां)।** आबूरोड रीको पुलिस थानांतर्गत आबूरोड–अंबाजी मार्ग पर सियावा गांव के समीप अनियंत्रित ऑटो पलटने से 11 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।



सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को तत्काल आबूरोड के आकराभट्टा स्थित सरकारी अस्पताल लाया गया। नरसिंगकर्मी भेरूलाल और मुकेश गरासिया की टीम ने घायलों का इलाज किया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को रेफर कर दिया गया।

अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में पीपरमाल निवासी गली पत्नी (52) रूपाराम गरासिया, लसमा (50) पुत्र भगा गरासिया, अर्जुन (42) पुत्र काला गरासिया, भावा (53) पुत्र कसना गरासिया एवं हूसा पुत्र (45) नोवा गरासिया गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद इन्हें अग्रिम इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इसी प्रकार वीरमा पुत्र धरमा गरासिया, वीरा (45) पुत्र अनदा गरासिया, भावा (50) पुत्र बदा गरासिया, रूपा (55) पत्नी भारमा गरासिया, रनौरा निवासी सूरमा (23) पुत्र लसमा तथा राजू (19) पुत्र लसमा गरासिया घायल हो गए।

### सराधना रीको एरिया में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

# 180 लीटर घी और मिर्ची पाउडर को सीज कर भरे सैंपल

**पाली,08 जून (एजेंसियां)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा दल ने शनिवार को सराधना रीको एरिया में कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब सात हजार किलोग्राम मिर्ची, धनिया और हल्दी पाउडर के सैंपल लिए तथा नकली घी के संदेह पर 180 लीटर घी जब्त कर सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया है।

आमजन को शुद्ध और पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 'शुद्ध आहार–मिलावट पर वार' अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा और स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह और राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशानुसार शनिवार को पाली क्षेत्राधिकार के अधीन सराधना रीको एरिया (रायपुर) में आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण जयपुर से संयुक्त आयुक्त डॉ. एसएन धौलपुरिया और पाली सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के संयुक्त नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने सराधना रीको एरिया रायपुर में चल रही अरिहंत फूड प्रोडक्ट में मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा दल ने 5450 किलोग्राम मिर्ची पाउडर को सीज कर नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए गए। इसी फैक्ट्री से 750 किलो ग्राम हल्दी पाउडर और 750 किलो ग्राम धनिया पाउडर जब्त कर सैंपल लिए गए। टीम ने इसी फैक्ट्री से नकली घी के संदेह पर 180 लीटर श्री अरिहंत ब्रांड नाम से घी को जब्त कर सैंपल लेकर नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए गए।शनिवार को की गई कार्रवाई में आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण जयपुर से संयुक्त आयुक्त डॉ. एसएन धौलपुरिया, पाली सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी केंद्रीय दल के विनोद शर्मा, अमित शर्मा, देवेंद्र सिंह राणावत, पाली से खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह इंदा, डीईओ ओम प्रकाश प्रजापत भी साथ रहे।



## व्हाट्सएप पर सुसाइड नोट का स्टेटस डालकर जहर खाया

**झुंझुनू,08 जून (एजेंसियां)।** पत्नी, सास और साले पर 15 लाख की मांग करने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने 6 जून को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने एक सुसाइड नोट भी व्हाट्सएप स्टेटस पर लगाया। मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अब तक युवक का शव नहीं उठाया है।मामला झुंझुनू जिले के पिलानी क्षेत्र के डुलानिया गांव का है। पिलानी थाना इंचार्ज ने जानकारी देते हुए बताया कि पिलानी के डुलानिया गांव में राकेश केडिया किराने की दुकान चलाता था। 6 जून को उसने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर सुसाइड नोट लगाते हुए अपनी पत्नी समेत ससुराल वालों को मौत का जिम्मेदार बताया और कड़ी सजा देने की मांग की। इसके बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली।अपने सुसाइड नोट में युवक ने लिखा कि मैं राकेश केडिया अपनी पत्नी सुमन केडिया के टॉर्चर से परेशान हूं। सुमन मेरी मां का अपमान करती है और मेरे बच्चों की सार–संभाल भी नहीं करती है।

# 15वीं विधानसभा के पांच हजार से अधिक प्रश्नों के जवाब लंबित

### स्पीकर देवनानी ने अफसरों को दी नसीहत

**जयपुर,08 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में विधानसभा का बजट सत्र जल्द ही शुरू होने वाला है, लेकिन अब तक पांच हजार से ज्यादा सवालों के जवाब सरकार में लंबित चल रहे हैं। विपक्ष इसे मुद्दा बनाने की तैयारी में है।



वहीं, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने भी इस मामले में ब्यूरोक्रेसी को लताड़ लगाई है। हाल ही में देवानी ने लंबित जवाबों को लेकर संबंधित विभागों के अफसरों को विधानसभा बुलाया था। इसमें उन्होंने कहा था कि पिछले कुछ वर्षों से कार्यपालिका विधायी कार्यों को गंभीरता से नहीं ले रही है। कार्यपालिका की विधायी कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्पीकर देवनानी ने अधिक प्रश्नों के बकाया जवाबों वाले आठ विभागों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खान, नगरीय विकास एवं आवासन, राजस्व, शिक्षा, स्वायत शासन, सार्वजनिक निर्माण विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों से रूबरू हुए और उनसे प्रश्नों के जवाब नहीं आने के कारणों की जानकारी ली। चिकित्सा विभाग में 1056 प्रश्नों के जवाब नहीं आने पर नाराजगी जाहिर की। देवनानी ने कहा कि मुख्य सचिव के प्रयासों से गत चार माह में 1940 प्रश्नों, 274 ध्यानाकर्षण प्रस्तावों और 85 विशेष उल्लेख प्रस्तावों के जवाब आए हैं। देवनानी ने कहा कि प्रदेश के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को विधानसभा कार्यों की गंभीरता को समझें। उन्होंने कहा कि विधायकगण जनता के प्रति जवाबदेही होते प्रश्नों के जवाब समय पर आए, इसके लिए अधिकारी जवाबदेही है।

# दुष्कर्म पीड़िता ने दौसा के युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया

### वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे थे

**दौसा,08 जून (एजेंसियां)।** जिले की एक गैंग रेप पीड़ित छात्रा ने दौसा के दो लड़कों के खिलाफ जयपुर के मामला दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपियों ने पढ़ाई करने जयपुर गई पीड़िता का लगातार पीछा किया और मौका मिलते ही उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उसके वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी थी।

पुलिस में दर्ज नामजद रिपोर्ट के अनुसार आशीर्वाद उर्फ लक्की शर्मा और उसके दोस्त सुनील मीणा के खिलाफ जयपुर के शिप्रा पथ थाने में गैंगरेप का मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि दौसा शहर के रहने वाले लक्की उर्फ आशीर्वाद तथा सुनील मीणा उसके जयपुर रहने के दौरान कई दिनों तक उसका पीछा करते थे और एक दिन दोनों मौका देखकर लड़की को बहला–फुसलाकर कर मानसरोवर इलाके की एक जगह ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया, साथ ही उसका वीडियो भी बना लिया। पीड़िता की मानें तो इन लड़कों ने वर्ष 2019 में उसके परिजनों के खिलाफ न्यायालय में प्रोटेक्शन प्रार्थना पत्र भी पेश करवा दिया तथा पीड़िता के परिजनों को जान से मारने की धमकी के साथ वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगे और पीड़िता को ब्लैकमेल करके पैसे ऐंठते रहे।

पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस अब इन दोनों लड़कों की तलाश में जुटी है लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। शुक्रवार को भी पुलिस ने एक आरोपी के घर दबिश दी थी लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

# सनकी आशिक: महिला की हत्या कर परिजनों को किया फोन

### बोला– शिवानी मेरी नहीं तो किसी की भी नहीं होगी, शव ढूंढ लेना

**बहादुरगढ़,08 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के बहादुरगढ़ शहर में एक सनकी आशिक ने एक तरफा प्रेम के चलते महिला की हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या के बाद सनकी प्रेमी ने महिला के परिजनों को फोन भी किया और बोला कि शिवानी मेरी नहीं हो सकती तो किसी और की भी नहीं होगी, मैंने उसे मार दिया है। सुबह उसका शव ढूंढ लेना।



आरोपी आशिक और उत्तर प्रदेश के हरदोई गांव अरिरोरी की रहने वाली 22 साल की महिला के परिजनों की एक कॉल रिकॉर्डिंग सामने आई है। इसमें सनकी आशिक शिवानी की हत्या करने की बात कबूल रहा है। शव शनिवार की सुबह जाखौदा गांव से आसौदा जाने वाली सड़क किनारे रेलवे फाटक के नजदीक एक खेत में मिला।

घटना की सूचना मिलते ही आसौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मृतका की मां उषा ने बताया कि सौरभ शुक्रवार की देर शाम शिवानी को जबरदस्ती अपने साथ ले गया। शिवानी के माता–पिता ने बेटी को तलाशने का खूब प्रयास किया और जब उन्होंने शिवानी के मोबाइल पर कॉल किया तो फोन सौरभ ने उठाया।फोन उठते ही सौरभ ने कहा कि शिवानी अगर उसकी नहीं हो सकती तो किसी और की भी नहीं होगी। शिवानी अब इस दुनिया में नहीं है, मैंने उसे मार दिया है। कफन का इंतजाम कर लो उसके जनाजे में काम आएगा। कल सुबह शव मिल जाएगा। आरोपी आशिक सौरभ और शिवानी के परिजनों की फोन पर हुई बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग सामने आई है।

इसमें सौरभ का गुस्सा सातवें आसमान पर है। सौरभ बार–बार यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि मैंने कहा था कि शिवानी को समझा लो, लेकिन तुमने समझाया ही नहीं और ना ही बात मानी। इसलिए मैंने उसे मौत के घाट उतार दिया है। फोन कॉल रिकॉर्डिंग में आरोपी शिवानी के परिवार के अन्य सदस्यों को भी जान से मारने की धमकी देता हुआ सुनाई दे रहा है। परिजनों के बयान पर आरोपी सौरभ के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश जारी है, लेकिन सौरभ फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही सौरभ को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


शिवानी प्लास्टिक का दाना बनाने की एक फैक्टरी में काम करती थी। उसका एक दो वर्षीय बेटा है। शिवानी की शादी के बाद अपने पति से अनबन हो गई थी और वह अलग रहने लगी थी। इसी बीच सौरभ नामक एक युवक के साथ उसका प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इसके बाद शिवानी अपने परिवार को छोड़ कर सौरभ के साथ हरिद्वार चली गई थी। कुछ दिनों ठीक–ठाक चला, लेकिन बाद में सौरभ शिवानी के साथ मारपीट करने लगा था।

# दूसरे के स्थान पर बीएड की परीक्षा देते धरी गई छात्रा

### केस दर्ज कर पुलिस कर रही पूछताछ

**कैथल,08 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के कैथल के पूंडरी क्षेत्र में बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के आरोप में पुलिस ने एक छात्रा के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में केंद्र अधीक्षक की ओर से शिकायत दी गई थी। पुलिस आरोपी छात्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पूंडरी स्थित केएमवी कॉलेज में शनिवार को बीएड का एसेसमेंट फार लर्निंग की परीक्षा थी। इसमें 180 बच्चों का सेंटर था। 180 में से 178 बच्चे परीक्षा में उपस्थित थे। ठीक साढ़े नौ बजे पेपर शुरू हो गया और सभी विद्यार्थी परीक्षा देने लगे। करीब 10 बजे परीक्षा केंद्र अधीक्षक विनेश वालिया ने जब रोल नंबर और विद्यार्थियों की जांच करना शुरू किया तो छात्रा की फोटो परीक्षार्थी की फोटो से नहीं मिल पाई। केंद्र अधीक्षक को जब शक हुआ तो उन्होंने महिला प्राध्यापिका की मदद से छात्रा से पूछताछ की। इसके बाद भी वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। जब छात्रा के दस्तावेज जांचे गए



तो पता चला कि छात्रा अपनी बुआ की लड़की की जगह पेपर देने आई थी। तब तक विश्वविद्यालय की ओर से उड़नदस्ते की टीम भी मौके पर पहुंच गई, जिसमें डॉ. रेनू गुप्ता और डॉ. राजेंद्र अरोड़ा शामिल थे। टीम ने भी छात्रा के कागजों की जांच की और पाया गया कि वो दूसरी छात्रा की जगह परीक्षा दे रही थी। टीम ने एक अन्य छात्रा को भी पकड़ा वो एक पर्ची लिए हुए थी। जिस पर टीम ने उसका पेपर छीन कर पर्ची उसके साथ अटैच कर दी। केंद्र अधीक्षक विनेश वालिया ने बताया कि जो छात्रा दूसरी छात्रा के स्थान पर पेपर दे रही थी। उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# क्यों किया जाता है जनेऊ संस्कार

## जानिए क्या है इसका सही समय



सनातन धर्म में जनेऊ संस्कार को बहुत महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है। यह 16 संस्कारों में से एक है, जिसे उपनयन संस्कार या जनेऊ संस्कार भी कहा जाता है। जनेऊ संस्कार के दौरान बालक के शरीर पर एक पवित्र धागा बांधा जाता है, जो उसके किशोरावस्था में प्रवेश का प्रतीक होता है। जनेऊ संस्कार से जुड़ी कुछ जरूरी बातें सभी लोगों को पता होना चाहिए।

**जनेऊ संस्कार का सही समय**

जनेऊ संस्कार 8 से 16 वर्ष की आयु के बीच होता है। कुछ लोग इसे शादी से पहले भी करते हैं। जनेऊ संस्कार को लेकर कई तरह की मान्यताएं हैं। लेकिन माना जाता है कि किशोरावस्था में पहुंचने से पहले ही जनेऊ संस्कार किया जाना चाहिए। यह कार्य किसी अनुभवी पुजारी द्वारा किया जाता है। जनेऊ बाएं कंधे पर और दाईं बांह के नीचे पहना जाता है।

सनातन धर्म में जनेऊ विशेष महत्व रखती है। कहा जाता है कि इसे पहनने से बच्चे को ज्ञान प्राप्त करने और अपने नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की शक्ति प्राप्त होती है। जनेऊ पहनने और इसके नियमों का पालन करने से बच्चों में अनुशासन आता है। क्योंकि, इससे जुड़े कुछ पवित्र नियमों का पालन करना सिखाया जाता है।

**क्यों धारण किया जाता है जनेऊ?**

सनातन धर्म के अनुसार, उपनयन नकारात्मक ऊर्जाओं और विचारों से सुरक्षा का कवच माना जाता है। इसमें मौजूद तीन धागे मां सरस्वती, मां पार्वती और मां लक्ष्मी का प्रतीक होते हैं। जनेऊधारी हर तरह की अशुद्धियों से सुरक्षित रहता है। जनेऊ धारण करने वाले व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। यह आध्यात्मिक विकास और शिक्षा के लिए ध्यान केंद्रित करने में जनेऊ लाभकारी है।

# इन दिन भूलकर भी न करें तुलसी की पूजा

## वरना नाराज हो सकती हैं मां लक्ष्मी



सनातन धर्म में कई पेड़-पौधे का किसी न किसी देवी-देवता से संबंध है। ठीक इसी प्रकार तुलसी का पौधा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को प्रिय है और इसमें मां लक्ष्मी का वास माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि तुलसी की पूजा और दीपक जलाने से जातक को धन की प्राप्ति होती है और घर में खुशियों का आगमन होता है। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

**इस दिन न करें तुलसी की पूजा**

वैसे तो नियमित रूप से तुलसी की पूजा और जल देने का विधान है, लेकिन धार्मिक मान्यताओं की मानें तो मंगलवार, रविवार और एकादशी पर तुलसी के पौधे में जल देने की मनाही है। साथ ही इसकी पूजा भी नहीं करनी चाहिए। पौराणिक मान्यताओं की मानें तो रविवार और एकादशी पर मां लक्ष्मी श्री हरि के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। ऐसे में रविवार और एकादशी के दिन तुलसी में जल देने से व्रत खंडित होता है। इसी वजह से इन दोनों दिन तुलसी के पौधे में जल नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक शक्तियों का आगमन होता है। इसके अलावा मंगलवार को तुलसी में जल अर्पित करने से भगवान शिव नाराज हो सकते हैं।

**इस दिन लगाएं तुलसी का पौधा**

धार्मिक मान्यता के अनुसार, घर में तुलसी के पौधे को लगाने के लिए गुरुवार और शुक्रवार का दिन उत्तम माना गया है। इस दिन तुलसी लगाने से जातक को शुभ फल की प्राप्ति होती और मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

**इस दिन न तोड़ें तुलसी के पत्ते**

द्वादशी, चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण और सूर्यास्त के बाद तुलसी के पत्तों को नहीं तोडना चाहिए।क्योंकि इन तिथियों पर तुलसी जी भगवान विष्णु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इसलिए इन तिथियों पर तुलसी दल नहीं तोड़ने चाहिए।

# भगवान महाकाल की कृपा पाने के लिए करें यह एक कार्य

## *जीवन सदैव रहेगा खुशहाल*



उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर अधिक प्रसिद्ध है। यह मंदिर भगवान महादेव के बारह 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इसकी एक खासियत है कि यहां दिन में 6 बार भगवान महाकाल की आरती होती है और विशेष श्रृंगार किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान महाकाल के दर्शन करने जातक का जीवन-मृत्यु का चक्र खत्म हो जाता है और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। अगर आप भी महाकाल को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो पूजा के दौरान महाकाल चालीसा का पाठ करें। मान्यता है कि ऐसा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और जीवन सदैव खुशहाल रहेगा। आइए पढ़ते हैं महाकाल चालीसा।

### महाकाल चालीसा

**।। दोहा ।।**

श्री महाकाल भगवान की महिमा अपरम्पार,
पूरी करते कामना भक्तों की करतार।
विद्या-बुद्धि-तेज-बल-दूध-पूत-धन-धान,
अपने अक्षय कोष से भगवान करो प्रदान।।

**।। चौपाई ।।**

जय महाकाल काल के नाशक। जय त्रिलोकपति मोक्ष प्रदायक।।
मृत्युंजय भवबाधा हारी। शत्रुंजय करो विजय हमारी।।
आकाश में तारक लिंगम्। पाताल में हाटकेश्वरम्।।
भूलोक में महाकालेश्वरम्। सत्यम्-शिवम् और सुन्दरम्।।
क्षिप्रा तट ऊखर शिव भूमि। महाकाल वन पावन भूमि।।
आशुतोष भोले भण्डारी। नटराज बाघम्बरधारी।।
सृष्टि को प्रारम्भ कराते। कालचक्र को आप चलाते।।
तीर्थ अवन्ती में हैं बसते। दर्शन करते संकट हरते।।
विष पीकर शिव निर्भय करते। नीलकण्ठ महाकाल कहाते।।
महादेव ये महाकाल हैं। निराकार का रूप धरे हैं।।
ज्योतिर्मय-ईशान अधीश्वर। परम् ब्रह्म हैं महाकालेश्वर।।
आदि सनातन-स्वयं ज्योतिश्वर। महाकाल प्रभु हैं सर्वेश्वर।।
जय महाकाल महेश्वर जय-जय। जय हरसिद्धि महेश्वरी जय-जय।।
शिव के साथ शिवा है शक्ति। भक्तों की है रक्षा करती।।
जय नागेश्वर-सौभाग्येश्वर। जय भोले बाबा सिद्धेश्वर।।
ऋणमुक्तेश्वर-स्वर्ण जालेश्वर। अरुणेश्वर बाबा योगेश्वर।।
पंच-अष्ट-द्वादश लिंगों की। महिमा सबसे न्यारी इनकी।।
श्रीकर गोप को दर्शन दे तारी। नंद बाबा की पीढ़ियाँ सारी।।
भक्त चंद्रसेन राजा शरण आए। विजयी करा रिपु-मित्र बनाये।।
दैत्य दूषण भस्म किए। और भक्तों से महाकाल कहाए।।
दुष्ट दैत्य अंधक जब आया। मातृकाओं से नष्ट कराया।।
जगज्जननी हैं माँ गिरि तनया। श्री भोलेश्वर ने मान बढ़ाया।।
श्री हरि की तर्जनी से हर-हर। क्षिप्रा भी लाए गंगाधर।।
अमृतमय पावन जल पाया। 'ऋषि' देवों ने पुण्य बढ़ाया।।
नमः शिवाय मंत्र पंचाक्षरी। इनका मंत्र बड़ा भयहारी।।
जिसके जप से मिटती सारी। चिंता-क्लेश-विपद् संसारी।।
सिर जटा-जूट-तन भस्म सजै। डम-डम-डमरू त्रिशूल सजै।।
शमशान विहारी भूतपति। विषधर धारी जय उमापति।।
रुद्राक्ष विभूषित शिवशंकर। त्रिपुण्ड विभूषित प्रलयंकर।।
सर्वशक्तिमान-सर्व गुणाधार। सर्वज्ञ-सर्वोपरि-जगदीश्वर।।
अनादि-अनंत-नित्य-निर्विकारी। महाकाल प्रभु-रूद्र-अवतारी।।
धाता-विधाता-अज-अविनाशी। मृत्यु रक्षक सुखराशी।।
त्रिदल-त्रिनेत्र-त्रिपुण्ड-त्रिशूलधर। त्रिकाय-त्रिलोकपति महाकालेश्वर।।
त्रिदेव-त्रयी हैं एकेश्वर। निराकार शिव योगीश्वर।।
एकादश-प्राण-अपान-व्यान। उदान-नाग-कुर्म-कृकल समान।।
देवदत्त धनंजय रहें प्रसन्न। मन हो उज्जवल जब करें ध्यान।।
अघोर-आशुतोष-जय औढरदानी। अभिषेक प्रिय श्री विश्वेश्वर ध्यानी।।
कल्याणमय-आनंद स्वरुप शशि शेखर। श्री भोलेशंकर जय महाकालेश्वर।।
प्रथम पूज्य श्री गणेश हैं , ऋद्धि-सिद्धि संग। देवों के सेनापति, महावीर स्कंध।।
अन्नपूर्णा माँ पार्वती, जग को देती अन्न।महाकाल वन में बसे, महाकाल के संग।।

**।। दोहा ।।**

शिव कहें जग राम हैं, राम कहें जग शिव,
धन्य-धन्य माँ शारदा, ऐसी ही दो प्रीत।
श्री महाकाल चालीसा, प्रेम से, नित्य करे जो पाठ,
कृपा मिले महाकाल की, सिद्ध होय सब काज।।
।।इति श्री महाकालेश्वर चालीसा सम्पूर्ण।।

# जन्म के बाद क्यों जरूरी माना जाता है मुंडन संस्कार

## स्वास्थ्य की दृष्टि से भी है फायदेमंद



हिंदू धर्म में मुंडन एक विशेष समारोह के रूप में किया जाता है। जब किसी शिशु का जन्म होता है, तो एक निश्चित समय बाद उसका मुंडन करवाना जरूरी समझा जाता है। मुख्य रूप से जन्म के 1 साल, तीसरे, पांचवें या फिर सातवें साल में शुभ मुहूर्त देखकर ही मुंडन संस्कार (चींपवरप डरपीज्ञरी) कराने की प्रथा है। तो चलिए जानते हैं कि हिंदू धर्म में मुंडन का क्या महत्व है और यह बच्चे के स्वास्थ्य के लिए क्यों जरूरी माना गया है।

**ये है धार्मिक कारण**

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शिशु के सिर पर उगने वाले बालों को पिछले जन्म के कर्मों से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में मुंडन कराने और बालों का विसर्जन करने से बच्चे को पूर्व जन्म के कर्मों से मुक्ति मिल जाती है और नई शुरुआत की अनुमति मिलती है। इसके साथ ही यह माना जाता है कि मुंडन संस्कार से जातक को दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**ये हैं वैज्ञानिक कारण**

मुंडन के बाद सिर की त्वचा आसानी से सूर्य की रोशनी के संपर्क में आ जाती है, जिससे त्वचा को विटामिन डी अवशोषित करने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही मुंडन के द्वारा बच्चे की गर्भावस्था की अशुद्धियां भी दूर हो जाती हैं। ऐसे में मुंडन संस्कार बच्चे के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी माना गया है।

**मुंडन संस्कार विधि**

मुंडन संस्कार, शुभ मुहूर्त में घर के आंगन में तुलसी के पास या फिर किसी धार्मिक स्थल पर भी किया जा सकता है। मुंडन से पहले हवन करवाया जाता है।

मां बच्चे को अपनी गोद में लेकर बैठती हैं। इस दौरान मुंह पश्चिम दिशा की ओर रखा जाता है। इसके बाद बच्चे के बाल उतारकर, सिर को गंगाजल से धुलवाया जाता है। इसके बाद सिर पर हल्दी का लेप लगाया जाता है।

**कौन-सी तिथि है शुभ**

हिंदू पंचांग के अनुसार, मुंडन के लिए द्वितीया, तृतीया, पंचमी, सप्तमी, दशमी, एकादशी और त्रयोदशी तिथि शुभ मानी जाती है। इसके साथ ही अश्विनी, मृगशिरा, पुष्य, हस्त, पुनर्वसु, चित्रा, स्वाति, ज्येष्ठ, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्र में भी मुंडन करवाना बेहतर माना जाता है।

# गंगा दशहरा पर स्नान-दान करने से पापों का होता है नाश

## जानें इसका धार्मिक महत्व





पंचांग के अनुसार, गंगा दशहरा पर मां गंगा की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही गंगा स्नान और दान करने का विशेष महत्व है। इस वर्ष गंगा दशहरा का पर्व 16 जून को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। इसलिए इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस पर्व पर गंगा स्नान कर कुछ विशेष चीजों का दान करने से जातक के पापों का नाश होता है और जीवन सुखमय होता है। ऐसे में आइए जानते हैं गंगा दशहरा पर स्नान और दान के धार्मिक महत्व के बारे में।

**गंगा दशहरा पर स्नान और दान धार्मिक महत्व**

शास्त्रों के अनुसार, गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धा अनुसार विशेष चीजों का दान करने से जातक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। गंगा दशहरा पर दान करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और जीवन के ग्रह दोष खत्म होते हैं। इस दिन अपनी कमाई का कुछ हिस्सा दान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं, गंगा स्नान करने से जातक के मन में मन में सकारात्मक विचार आते हैं और बु रे पापों से छुटकारा मिलता है।

**गंगा दशहरा 2024 डेट और शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि की शुरुआत 16 जून को देर रात 02 बजकर 32 मिनट पर होगी और वहीं, इसका समापन 17 जून को सुबह 04 बजकर 43 मिनट पर होगा। ऐसे में गंगा दशहरा 16 जून को मनाया जाएगा।

**पूजा के दौरान करें इन मंत्रो का जप**

नर्मदे सिन्धु कावेरी जले अस्मिन् सन्निधिम् कुरु।।

ॐ नमो गंगायै विश्वरुपिणी नारायणी नमो नमः।।

गंगागंगेति योब्रूयाद् योजनानां शतैरपि। मच्यते सर्व पापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति।।

गांगं वारि मनोहारि मुरारिचरणच्च्युतम्। त्रिपुरारिशिरश्चारि पापहारि पुनातु माम्।।

# इन शुभ योग के बीच होगा निर्जला एकादशी व्रत का पारण



हिंदू धर्म में निर्जला एकादशी का व्रत बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन श्री हरि विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा का विधान है। यह ज्येष्ठ माह 18 जून, 2024 को मनाई जाएगी। ऐसी मान्यता है कि जो भक्त इस दिन का उपवास रखते हैं, उन्हें जीवन में कभी परेशान नहीं होना पड़ता है। साथ ही घर में कभी धन-दौलत की कमी नहीं होती है। वहीं, इस दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है, तो चलिए जानते हैं।

**निर्जला एकादशी शुभ योग**

इस साल निर्जला एकादशी पर 3 शुभ योग का निर्माण एक साथ हो रहा है। इस वजह से यह तिथि बेहद शुभ होने वाली है। दरअसल, इस दिन त्रिपुष्कर योग, शिव योग और स्वाति नक्षत्र का अद्भुत संयोग बन रहा है। त्रिपुष्कर योग 18 जून दोपहर 03 बजकर 56 मिनट से 19 जून सुबह 05 बजकर 24 मिनट तक रहेगा।

साथ ही स्वाति नक्षत्र भोर से दोपहर 03 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा शिव योग सुबह से लेकर रात्रि 09 बजकर 39 मिनट तक रहेगा।

**इन शुभ योग के बीच होगा पारण**

निर्जला एकादशी का पारण 19 जून को सुबह होगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। ये तीनों शुभ योग 19 जून को शाम 05 बजकर 23 मिनट से अगले दिन 20 जून को 05 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। ऐसे में इस दिन पारण करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होगी।

# कोमल, मुलायम और चंचल

आप सभी बच्चों को खरगोश बहुत पसंद होगा न। खरगोश आपको बहुत प्यारा लगता है। उसकी मुलायम कोमल त्वचा और उसकी चंचलता बरबस ही सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं। जानते हैं कुछ रोचक बातें।





**आपने,** खरगोश तो देखे ही होंगे। देखने में कितने प्रिय लगते हैं। सामान्तया खरगोश की लम्बाई 18 से 20 इंच तक होती है। इसकी आंखें भूरी और नीली होती हैं। शरीर के अनुपात के हिसाब से इसके कान कुछ बड़े व लंबे होते हैं। इनके कानों से जुड़ा एक रोचक पहलू भी है। दरअसल ये अपने इन्हीं बड़े कानों की मदद से खुद की रक्षा कर पाते हैं। इनके बड़े कान अत्यन्त मद्धम आवाज से उत्पन्न हुई ध्वनि तरंगों को भी सुन लेते हैं। और कोई भी खतरा महसूस होने पर शीघ्र ही कुलांचे भर कर अपनी रक्षा कर लेते हैं। खरगोश में तीव्र श्रवण शक्ति के अलावा दूर तक देख पाने की क्षमता भी गजब की होती है। इनकी पिछली टांगें अगली टांगों की अपेक्षा बड़ी होती हैं। इन्हीं टांगों के बल पर कुंलाचे भरकर दौड़ना इसका प्रिय शौक है।

**क्या खाते हैं**

खरगोश शुद्ध शाकाहारी प्राणी हैं। आमतौर पर आपने खरगोश की फोटो में उसे गाजर खाते हुए देखा होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। इसका मुख्य भोजन हरी दूब, नर्म पौधे, घास, सब्जियां, फल, चने आदि हैं। इसके मुंह में दो दांत की पंक्तियां होती हैं। जिनकी मदद से यह अपना भोजन कुतर कुतर कर करता है। गाजर, मूली, शकरकंद, आदि की जड़ें इसका प्रिय भोजन है।

**रहते हैं समूह में**

खरगोश समूह प्रेमी जीव है, जो एक बड़े झुंड के रूप में रहना पसंद करते हैं। ये प्राय: भोजन की तलाश में सांझ ढ़ले या मुंह अंधेरे निकलते हैं। दिन के बाकी वक्त ये घनी झाड़ियों या लंबी घास में छुपे रहते हैं। ये खुद को आमतौर पर शत्रुओं से बचाने के लिए ऐसा करते हैं। अगर आपने भी कभी खेतों- खलिहानों में खरगोश को देखा होगा तो याद कीजिए वो समय कौन सा था? जरूर शाम का वक्त होगा।

**चकमा देने में महारत**

खरगोश को देखने पर हम में से ज्यादातर लोग उसको पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ लगाते हैं। लेकिन शायद ही कभी किसी ने खेतों व खलिहानों से इन्हें पकड़ने में सफलता पाई हो। दरअसल जब भी हम इनको पकड़ने के लिए इनके पीछे भागते हैं, तो ये हमें चकमा देने के लिए कभी भी एक दिशा में नहीं भागते। जिस वजह से इन्हें पकड़ना आसान नहीं होता।

**सबसे बड़ा खरगोश**

फलेमिश जायंट प्रजाति के खरगोश आकार में सबसे बड़े व वजनी होते हैं। इनका औसत वजन सात से आठ किलोग्राम तक पाया जाता है। यह प्रजाति इंग्लैंड और बेल्जियम से अन्य देशों में आयात की जाती है। खरगोश की सभी प्रजातियों में सबसे कम वजन के छोटा खरगोश उत्तरी अमेरिका में पाया गया है। इसका नाम पीग्मी रेबिट है। इसका वजन 375 ग्राम से लेकर 500 ग्राम तक होता है। इसकी लम्बाई नौ इंच से लेकर साढ़े ग्यारह इंच तक होती है। इसके छोटे व कम वजन केखरगोशों की प्रजाति नीदरलैंड तथा पोलैंड में भी पाए जाते हैं।

**पालें अगर खरगोश**

1. अगर आप खरगोश पालने की सोच रहें हैं तो पहले यह सुनिश्चित कर लें कि खरगोश को आप तब तक न पालें जब तक वो अपने जन्म के चार महीने बाद तक अपनी मां के पास न रह लें।

2. खरगोश बहुत छोटी उम्र में ही गर्भ धारण कर बच्चे को जन्म देने लगते हैं। जब कोई नया शिशु खरगोश जन्म लेता हैं, तो उसकी आंखें बंद होती हैं। और उसके शरीर पर एक भी बाल या रोयें नहीं होते। है न कमाल की बात।

3. खरगोश 36 इंच ऊंची छलांग लगा पाने में कुशल होते हैं।

4. खरगोश रात के समय ज्यादा क्रियाशील होते हैं। दिन के समय ये खुद को शत्रुओं से बचाने के लिए अपने बिलों में छुपे रहते हैं।

5. खरगोश के दांत हमेशा बढ़ते रहते हैं।

**खरगोश और खरहा में अंतर**

आमतौर पर हम खेतों खलिहानों में जिस खरहा को देखते हैं उसे ही खरगोश समझने की भूल कर बैठते हैं। जबकि सच्चाई बिल्कुल इसके उलट है। खरगोश और खरहा में बहुत ही मामूली सा अंतर होता है।

1.खरहा खरगोश की अपेक्षा बड़े और तेज होते हैं।

2. खरगोश की अपेक्षा इनके पैर और कान दोनों ही बड़े होते हैं।

3. खरगोश के बच्चे को जन्म के समय आंखे और रोयें नहीं होते।

4. दोनों की ही पूंछ छोटी होती है।

5. आमतौर पर हम खरगोश को ही पालते हैं। खरहा को कोई नहीं पालता।



## बूझो तो जानें



1. किस वजह से पृथ्वी को नीला ग्रह कहते हैं?
2. वायुमंडल में नाइट्रोजन कितने प्रतिशत मौजूद है?
3. बैरोमीटर का प्रयोग किस लिए किया जाता है?
4. कोयला जलने पर कौन-सा गैस उत्सर्जित करता है?
5. ठोस कॉर्बन-डाई-ऑक्साइड किस रूप में मिलती है?
6. पत्तियों के सतह पर तक सांस लेने के लिए बने छिद्रों को क्या कहते हैं?
7. सूरज के सबसे नजदीक कौन-सा ग्रह है?
8. सब्जियों का राजा आलू पौधे का कौन-सा हिस्सा होता है?
9. पानी का रासायनिक सूत्र क्या होता है?
10. मनुष्य शरीर में कितनी इंन्द्रियां होती हैं?
11. किस ग्रह को लाल ग्रह कहा जाता है?
12. सर्च इंजन गुगल के हेडक्वार्टर का नाम क्या है?
13. यौगिक एचसीएल अम्ल है या क्षार?
14. जल जाने या फिर छिल जाने पर कौन-सा मीठा चिपचिपा पदार्थ एंटीसेप्टिक के रूप में प्रयोग किया जाता है?
15. सूर्य और चंद्रमा के बाद आकाश में चमकने वाला ग्रह कौन-सा है?
16. ट्रैक्टर का अविष्कार किसने किया था?

1.पानी की वजह से 2. 79 3. वायुमंडलीय दाब जानने के लिए 4. कार्बन डाई ऑक्साइड 5. ड्राय आइस 6. स्टोमेटा 7. बुध 8. तना। 9. $H_2O$ 10. पांच 11.मंगल 13. अम्ल है (हाइड्रोक्लोरिक एसिड) 12. गुगलप्लेक्स 14. शहद 15. शुक्र 16. बेंजामिन हॉल्ट (1900)

## अंतर ढूंढो

यहां दो चित्र दिए गए हैं, इन दोनों में कुछ अंतर है। आपको वो अंतर ढूंढने हैं। चलिए ढूढ़िए तो सही।



## रंग भरो

इस तस्वीर में मिंकू पेड़ पर चढ़ा हुआ है और वो भी टिंकू और जॉनी के डर से। वह इतना डर गया कि उसे सब कुछ बिना रंग का ही दिख रहा है। आप इस तस्वीर में रंग भर कर मिंकू का डर दूर करने में मदद कीजिए। तो देर किस बात की...



# जन्मदिन की पार्टी

मिक्की अपने जन्मदिन पर दोस्तों को मिठाई बांटना चाहता था, पर पैसा न होने के कारण ऐसा नहीं कर पाया। लेकिन जन्मदिन आने पर ऐसा काम किया कि वह अपने पर गर्व महसूस कर रहा था। ऐसा क्या किया उसने? जानने के लिए कहानी पढ़ें...



**प्रिंस** का जन्मदिन होने के कारण आज कक्षा में फिर मिठाई बांटी गई थी। अभी कुछ दिन पहले ही मिटूं ने सभी को रसगुल्ले खिलाए थे। क्योंकि उसका भी जन्मदिन था। स्कूल में ये सब देखकर मिक्की को खुशी भी होती और अफसोस भी। खुशी इस बात की कि महीने में दो-तीन बार मुफ्त में ही कुछ न कुछ खाने को मिल जाता है। लेकिन वो ये सोचकर उदास हो जाता कि जब उसका जन्मदिन आएगा, तब वह क्या करेगा। उसके मां-बाप गरीब हैं। बड़ी मुश्किल से उसकी फीस और कॉपी-किताबों का खर्च निकल पाता है। मिक्की के पिता जी एक प्राइवेट कम्पनी में काम करते हैं। गर्मियों में भी उन्हें लोहा पिघलाने वाली भट्टियों पर काम करना पड़ता है। उसकी मां को हौजरियों में से जर्सियां लाकर उन पर बटन टांकने का काम करना पड़ता है, ताकि परिवार की आमदनी में कुछ वृद्धि हो सके। किराए के मकान में रह रहे मिक्की के मन में प्राय: इस प्रकार के विचार कौंधते रहते। परिवार की आर्थिक स्थिति जानने के बावजूद वह सोचता कि परिवार वाले उसका जन्मदिन क्यों नहीं मनाते? वह सोचता कि काश उसके घर वाले भी उसे कक्षा में मिठाई बांटने के लिए पैसे देते। पहले मिक्की सरकारी स्कूल में पढ़ता था, इसलिए वहां पर ऐसा चलन नहीं था। मगर इस स्कूल में जन्मदिन मनाने वाला अजीब-सा चलन देखकर मिक्की को काफी आश्चर्य हुआ था।

परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण ज्यों-ज्यों मिक्की का जन्मदिन निकट आ रहा था, अपने आप पर नियंत्रण रख पाना उसके लिए कठिन हो रहा था।

और एक दिन उसने अपने पिता जी से अपने मन की बात कह दी थी।

'तुम्हारा दिमाग तो नहीं खराब हो गया,' उसके पिताजी थोड़ा क्रुद्ध होकर बोले- 'यहां दो वक्त की रोटी की चिंता सताए रहती है, और इसे जन्मदिन मनाने की पड़ी है।'

उसने इस बार ठान ली कि इस साल वह अपना जन्मदिन मनाकर रहेगा। उसे अपनी मम्मी पर भी गुस्सा आ रहा था, क्योंकि वो हर साल जन्मदिन वाले दिन थाली में थोड़े-चावल तथा एक गिलास में दूध डालकर देकर कहती- 'जा बेटे, मंदिर में चढ़ा आ... पुजारी के पांव छूकर आशीर्वाद भी ले लेना।'

उसकी जिद्द के कारण घर की शांति भी मानो भंग हो गई थी। आखिरकार जन्मदिन से एक दिन पहले पापा थोड़ा शांत हो गए थे। उन्होंने प्यार से मिक्की को समझाते हुए कहा- 'बेकार में अपनी वाह-वाह करवाने के लिए पैसे खर्च करना हमारे वश की बात नहीं है। यह सब तो अमीरों के काम हैं। हमजैसे लोगों के लिए दो समय की रोटी जुटा पाना मुश्किल होता है।' उन्होंने समझाते हुए कहा कि- यह लो पचास रुपए, कल अपने दो-चार मित्रों के संग पार्टी कर लेना। चाहो तो शाम को उन्हें अपने घर ही बुला लेना। बेटे, घर की हालत तो तुम जानते हो। सारी कक्षा को पार्टी देना हमारी क्षमता से बाहर है।'

उनके समझाने का मिक्की मान गया। वह सोचने लगा कि किस-किस को बुलाए। चिंटू तथा सोनू को तो अवश्य बुलाएगा। विक्की को नहीं बुलाएगा। वह तो बहुत अमीर है। कहीं उसके घर की दयनीय हालत देखकर बाद में मजाक न उड़ाने लग जाए।

जन्मदिन वाले दिन जब शाम को वह खाने-पीने के लिए कुछ लाने के लिए घर से निकला कि एकदम बारिश शुरू हो गई। हर तरफ भगदड़ मच गई। वह बारिश से बचने के लिए आगे रुक गया। घर का दरवाजा खुला था। वह बारिश से बचने के लिए अंदर चला गया। उसी समय भीतर से आवाज आई- 'बेटे, भीतर चले आ। कहीं बारिश में भीग कर बीमार न पड़ जाना।'

मिक्की भीतर चला आया। घर खस्ता हालत में था। कमरे की दीवारों से पलस्तर उतरा हुआ था। चारपाई पर एक दस-बारह वर्ष का लड़का लेटे हुए खांस रहा था।

'आप इसके लिए कोई दवाई क्यों नहीं ले आते? खांस-खांस कर इसकी बुरी हालत हो गई है। सुबह से कितना तेज बुखार है इसे।' वहां बैठी हुई औरत ने कहा तो वह आदमी थोड़ा क्रुद्ध होकर बोला- 'दवा कहां से लाऊं? जेब में तो फूटी कौड़ी भी नहीं है। चाय में तुलसी के पत्ते उबालकर पिला दे... स्वयं ही उतर जाएगा बुखार।'

'मगर चाय भी कैसे बनाऊं... न घर में शक्कर है न दूध?' कहते हुए उस औरत की जैसे आंखे भर आई थीं।

'मगर मैं भी क्या करूं। इस बरसात का सत्यनाश हो। दो दिन से दिहाड़ी ही नहीं लगी। भगवान भी जैसे हम गरीबों की परीक्षा ले रहा है।' कहते हुए उस आदमी का मन भी भर आया था।

उनकी बातें सुनकर मिक्की तो जैसे स्तब्ध रह गया था। उसे लगा कि उसके पापा उचित ही कहते हैं कि पार्टियों करना तो अमीर लोगों के ढकोसले हैं। आम आदमी को तो दो वक्त की रोटी के लाले पड़े रहते हैं।

वह कुछ पल सोचता रहा। आखिरकार उसने पचास का नोट उस आदमी की ओर बढ़ाते हुए कहा- 'अंकल जी, आप इन पैसों से इसके लिए दवा ले लाओ।'

'अरे नहीं बेटे... भगवान स्वयं ही कोई हल ढूंढ़ निकालेगा। तू क्यों कष्ट करता है?' 'नहीं अंकल जी, कष्ट वाली तो कोई बात नहीं है, फिर आज तो मेरा जन्मदिन है। मैं खुश होकर अपने छोटे भाई को दे रहा हूं...' न जाने क्यों, यूं कहते हुए मिक्की का मन भर आया था। कुछ समय पश्चात् बारिश बंद हो गई थी और मिक्की अपने घर की ओर चलने लगा था। लेकिन उसका मन खुशी से बल्लियां उछाल रहा था। उसे यूं प्रतीत होने लगा था जैसे वह अपने जन्मदिन की पार्टी किसी बहुत बड़े होटल में करके आ रहा हो।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 09 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल समाज एवं बत्तिनी परिवार के तत्वावधान में मछली प्रसादम का वितरण शुरू



**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद शहर में बत्तिनी वीरन्ना परिवार द्वारा अस्थमा का इलाज माने जाने वाले लोकप्रिय मछली प्रसादम का वार्षिक वितरण शनिवार सुबह यहां नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में शुरू हुआ। अग्रवाल समाज तेलंगाना एवं बत्तिनी वीरन्ना परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मछली प्रसादम वितरण कार्यक्रम का विशेष अतिथि विजय कुमार आईपीएस एडीजी ऑपरेशंस ग्रेहाउंड्स एवं ऑक्टोपस तेलंगाना पुलिस ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

प्रधान संयोजक नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि पहले दिन 25000 से 300000 लोगो ने भोजन किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रेम अग्रवाल, सुरिंदर पित्ती, अशोक बंसल, राजकुमार अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, बिकी सराफ़, शेष अग्रवाल, पंकज मित्तल, आनंद सांघी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, विकास केसान, शीतल अग्रवाल, आरती अग्रवाल, रजनी, शीतल रुंगटा, वंदना अग्रवाल, पूजा गुप्ता, हेमलता अग्रवाल, हनुमान अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, संजय पंसारी, अनिल पटवारी, संगेश, पूर्व अध्यक्ष किरोड़ीमल अग्रवाल, आर.एन गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, रजिंदर अग्रवाल, रजिंदर जालान, एडवाइज़र अनिरुद्ध अग्रवाल, महेश नरेठा, अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानद मंत्री कपूरचंद गुप्ता, सह मंत्री कंचन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, परामर्शदाता एवं पूर्व अध्यक्ष बद्रीविशाल बंसल, परामर्शदाता डॉ. मोहन गुप्ता, परामर्शदाता अनिल कुमार अग्रवाल, परामर्शदाता अनिरुद्ध गुप्ता, सह संयोजक राकेश कुमार जालान, सह संयोजक सतीश कुमार अग्रवाल, सह संयोजक आशीष दोचानिया, सह संयोजक अंकित गुप्ता एवं सह संयोजक संजय गुप्ता एवं अग्रवाल समाज तेलंगाना के सभी केंद्रीय समिति सदस्य, शाखा पदाधिकारी एवं प्रमुख अग्रबंधु मौजूद रहे।




## अग्रवाल समाज राणी सती दादी घांसी बाजार की साधारण सभा सम्पन्न



**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज राणी सती दादी घांसी बाजार महिला शाखा की एक साधारण सभा अध्यक्ष रिंकू घर के निवास स्थान पर रखी गई। इस दौरान मंत्री मोनिका अग्रवाल द्वारा पूरे साल भर के कार्यकाल में जो भी खर्चा हुआ उसके बारे में बताया गया और आने वाले समय में क्या-क्या प्रोग्राम किए जाएंगे उसके बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सावन की सैर 28 जुलाई को करने के बारे में निर्णय लिया गया। बैठक में सदस्य शुल्क के बारे में भी बताया गया और सभी शाखा के सदस्यों से आग्रह किया गया की 2024 व 2025 का सदस्यता शुल्क सभी मेंबर जल्द शाखा की कमेटी मेंबर को जमा करवा दें जिससे कि शाखा की सभी गतिविधियां अच्छे से चलती रहें। शाखा की पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय समिति सदस्य अर्चना संघी जो कि अब हमारे बीच नहीं रहे उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में अध्यक्ष रिंकू गर्ग, उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल, मंत्री मोनिका अग्रवाल, सह मंत्री ममता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सविता अग्रवाल, सुशीला केड़िया, पूनम तुलसियान, सीमा अग्रवाल, रजनी बंसल आदि मौजूद थे।



सिखवाल समाज के विश्व प्रख्यात वास्तु जानकार सूर्य प्रकाश उपाध्याय अनुभवी के नगरागमन पर सिखवाल प्रगति समाज द्वारा शाल व माला से स्वागत करते रामदेव नागला, चंद्रभान व्यास, बद्रीलाल पांडिया, महेन्द्र नागाला व साथ में नारायण सीरवी, बालाराम सिरवी व नारायण चौधरी।

## मां-बेटी ने चेन स्नेचरों से मुकाबला कर उन्हें भागने पर मजबूर किया

**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एक बहादुर मां-बेटी की जोड़ी ने पहाड़ी शरीफ में लुटेरों के प्रयासों को विफल कर दिया। चेन स्नैचरों के अचानक हमले का सामना करते हुए, उन्होंने संदिग्धों को अपनी बाइक छोड़कर घटनास्थल से भागने पर मजबूर कर दिया। शनिवार को पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पहाड़ीशरीफ के मनखल गांव की रहने वाली जी कल्पना (32) अपनी बेटी लक्ष्मी प्रसन्ना और इलाके के अन्य बच्चों के साथ सुबह की सैर पर थीं, तभी एक लुटेरे ने उनके चेहरे पर मिर्च का पानी फेंक दिया और उनसे सोने की जंजीरकी जंजीर-झपटी कर ली। कल्पना ने बताया कि वह फुटपाथ पर खड़ा था। मैं उससे बचने के लिए फुटपाथ से उतर गई लेकिन उसने मुझे पकड़ लिया और झाड़ियों में खींच लिया। उसने मेरे गले से सोने की चेन छीन ली। संदिग्ध ने भागने की कोशिश की, लेकिन हमले के सदमे से तुरंत उबरते हुए कल्पना ने उसे पकड़ लिया और जाने नहीं दिया। इसके बाद लुटेरे के साथ उसका दोस्त भी शामिल हो गया और उन दोनों ने कल्पना और उसे बचाने आई उसकी बेटी पर हमला कर दिया। कल्पना ने बताया कि वे मुझे मारते रहे, लेकिन मैंने उनकी बाइक का हैंडल पकड़ लिया और उन्हें भागने से रोक दिया। वाहन गिर गया और राहगीरों को रुकते देख लुटेरे बाड़ पर कूद गए और अपनी बाइक छोड़कर भाग गए।

# पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल के सेवा शिविर का देशभर से भारी संख्या में आए लोगों ने उठाया लाभ



**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा आयोजित सेवा शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से भारी संख्या में आये लोगों ने लाभ लिया।

शनिवार को अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजित गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नुमाईश मैदान में बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवादल के सेवा शिविर का उद्घाटन हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया। अवसर पर राज्यपाल ने पित्ती ट्रस्ट-सेवा दल द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शरद बी.पित्ती से कई वर्षों से व्यक्तिगत परिचय है और ट्रस्ट की सेवा काफी प्रंशसनीय हैं। उन्होंने कहा कि दमा रोग निवारण के लिए बत्तिनी गौड़ परिवार द्वारा एक शताब्दी से अधिक समय से मछली प्रसादम का वितरण किया जा रहा है। इस दवा के प्रति लोगों का विश्वास है, जिसके चलते हर साल लोगों की संख्या बढ़ती है। इसमें तेलंगाना सरकार व विभाग का सहयोग रहता है। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि हैदराबाद सेवा भाव के लिए बहुत ही प्रसिद्ध है जहां कई समाज आगे आकर सेवा करते हैं। इनमें प्रमुख रूप से पित्ती ट्रस्ट है जिनके कारण लोगों को खाने पीने की कोई दिक्कत नहीं होती।

अवसर पर पित्ती ट्रस्ट के चेयरमैन शरद बी.पित्ती ने तेलंगाना के विधानसभा अध्यक्ष गद्दम प्रसाद कुमार, परिवहन मंत्री पोनम प्रभाकर सहित विभिन्न अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हीं के सहयोग से इस बार भव्य शिविर लगाने का अवसर मिला जिनकी जितनी तारीफ करें कम है। पूरी टीम ने सेवा भाव से सभी को प्रभावित किया है। ट्रस्ट हमेशा से ही सेवा कार्यों में आगे रहा है और आगे भी रहेगा। पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल ने इस बार पांच दिवसीय शिविर गत 5 जून से आरंभ किया जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भोजन का लाभ लिया। शिविर में करीब एक लाख लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई है।

अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजित गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष बत्तिनी गौड़ परिवार द्वारा मृगशिरा के दिन दमा रोग निवारण हेतु मछली प्रसाद का वितरण किया गया, लेकिन बाहर से आने वाले लोगों को खाने की दिक्कत को देखते हुए पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा शिविर 5 जून की सुबह से ही आरंभ कर दिया गया ताकि लोगों को भोजन की परेशानी न हो। इस दौरान मछली प्रसाद ग्रहण करने वालों द्वारा अगले 45 दिनों तक किये जाने वाले परहेज की भोजन सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही सभी को सुविधा के लिए दवा के बाद ग्रहण किये जाने वाले भोजन की सूची के कर पत्रों को हिन्दी, अंग्रेजी एवं तेलुगु तीनों भाषा में प्रकाशित कर वितरित किया गया। शिविर में मेडिकवर अस्पताल के सहयोग से नि:शुल्क आपातकालीन चिकित्सा तथा एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध करवाई गई। अजित गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया और दी गई सेवा का उल्लेख किया। शिविर में पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल के सदस्यों सहित पित्ती इंजीनियरिंग लिमिटेड के कर्मचारियों तथा अग्र महिला मंच एवं अग्रणी महिला मंच की सदस्यों ने सेवा प्रदान की।अवसर पर अग्रवाल सेवा दल के संयोजक विनय सी.अग्रवाल, अजित गुप्ता, कैलाश केडिया, प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र गोयल, निखिल राणासरिया, उर्मिला अग्रवाल, समाजसेवी गोपाल सिंह, शंकरलाल यादव, घनश्याम यादव, अजय तुलस्यान, दीपक गुप्ता, अरुण डाकोतिया विनोद अग्रवाल, नीना मित्तल, निर्मला केडिया, अनिता अग्रवाल, दिशा अग्रवाल, गोपाल मोर, विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल एवं अन्य स्वंय सेवाएं प्रदान की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता घोषणा करने के संकल्प के साथ यादाद्री यादगिरीगुट्टा स्थित श्री नरसिम्हा स्वामी मन्दिर में दर्शन पूजा करते हुए योग गुरू हर्षआनंद महाराज, स्वामी कमलेश महाराज, राम कुमार, लव फॉर काउ फाउंडेशन के जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धिश जागीरदार एवं अन्य।



# तेलंगाना के कई जिलों में भारी बारिश के आसार



**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर, दक्षिण महाराष्ट्र, तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश और दक्षिण छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को यह जानकारी दी।मौसम विभाग ने यहां एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले दो से तीन दिनों में मध्य अरब सागर के बाकी हिस्सों, महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों (मुंबई सहित) और तेलंगाना में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।इसके प्रभाव से तेलंगाना के विकाराबाद, महबूबनगर, वानापर्थी और नारायणपेट जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों में भारी बारिश होने का अनुमान है।मौसम विभाग के मुताबिक अगले 48 घंटों में राज्य में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने, बिजली कड़कने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। इसके अलावा अगले सात दिनों में तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।राज्य के वानापर्थी जिले में पिछले 24 घंटों में छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश हुई। इसके अलावा तेलंगाना में एक या दो स्थानों पर बारिश हुई।शनिवार को हैदराबाद निवासियों ने छिटपुट, पर्याप्त बारिश के साथ सुखद ठंडी जलवायु का आनंद लिया। केवल 20 से 30 मिनट की अवधि में मूसलाधार बारिश हुई, जिससे शहर भीग गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शहर का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, पूर्वानुमान के अनुसार 13 जून तक तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। उप्पल, तरनाका, मुशीराबाद, बेगमपेट, अमीरपेट, मलकाजगिरी, कपरा, ईसीआईएल, नगरम, सैनिकपुरी, खैरताबाद, टैंक बंड, सिकंदराबाद, हिमायतनगर, जुबली हिल्स, सेरलिंगमपल्ली, शेखपेट, माधापुर, सनतनगर में भारी बारिश दर्ज की गई। मुशीराबाद में 34.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम का यह मिजाज रविवार को भी जारी रहने का अनुमान है, आसमान में बादल छाए रहेंगे और शाम को हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

# लोकप्रिय मछली प्रसादम का वार्षिक वितरण शुरू





**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद शहर में स्थित बत्तिनी वीरन्ना परिवार द्वारा अस्थमा का इलाज माने जाने वाले लोकप्रिय मछली प्रसादम का वार्षिक वितरण शनिवार सुबह यहां नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में शुरू हुआ।

रविवार सुबह 10 बजे तक चलने वाले 24 घंटे वाले मछली प्रसादम वितरण का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने किया। वर्ष 2023 में, लगभग दो लाख लोगों को मछली प्रसादम दिया गया था, हालांकि, इस वर्ष, आयोजकों को इस संख्या में बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है। मछली प्रसादम (जिसमें मुरेल मछली और हर्बल पेस्ट शामिल हैं) पिछले 175 वर्षों से बत्तिनी वीरन्ना परिवार द्वारा प्रति वर्ष मृगशिरा कार्थी के दिन प्रदान किया जाता है।इस कार्यक्रम में मंत्री पोन्नम प्रभाकर, जीएचएमसी की महापौर गड़वाल विजया लक्ष्मी, सांसद अनिल कुमार यादव, विधायक दानम नागेंद्र भी शामिल हुए।

# गुरुद्वारा साहिब में अस्थमा की निःशुल्क दवाई का किया गया वितरण

**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री गुरु सिंह सभा अशोक बाजार गुरु नानक मार्ग अफजलगंज में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में हजारों की संख्या में अस्थमा के मरीजों ने बात्तिनी गौड परिवार की ओर से दी गई निःशुल्क दवाईयां लेकर लाभान्वित हुए। श्री गुरु सिंह सभा अशोक बाजार गुरुद्वारा साहिब में पंजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, बिहार व हिन्दुस्तान के विभिन्न राज्यों से



आए अस्थमा मरीजों को ठहरने एवं उनके भोजन की व्यवस्था श्री सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब में की गई।हजारों की संख्या में मरीजों के लिए लंगर की व्यवस्था गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में की गई। गुरु घर के सिख युवकों ने लंगर बनाने एवं वितरण की सेवा की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार सतविन्दर सिंह बग्गा, महासचिव स.जोगेन्दर सिंह मुजराल, अशोक कुमार अरोडा, स.सेवा सिंह सलुजा, स.रनजीत सिंह मदान, स.जसपाल सिंह टूटेजा, स.मनजीत सिंह पाला, स.बलवीर सिंह बग्गा, स.रविजीत सिंह बग्गा, स.दलवीर सिंह चावला, स.महेन्दर सिंह गाधी, स.मनप्रीत सिंह छावडा, स.चरनजीत सिंह ठकराल स.निर्मल सिंह गुरदिन्ता, स.सतपाल सिंह चावला, स.चरनजीत सिंह चावला, स. मनमोहन सिंह अरोडा, स.अमृत सिंह ओबराय, स.गुरभेज सिंह चावला, स.सोनु छावडा, स.सुरेन्दर सिंह मखीजा ने सभी सेवादारों का आभार व्यक्त किया। दूर-दूर से आए मेहमानों ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा की जा रही सेवाओं की प्रशंसा की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सलाहकार समिति की महिलाओं द्वारा सेवाओं के प्रति गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री बग्गा ने सराहना की।

# इंडिया समूह लोकसभा चुनाव का असली विजेता : निरंजन

**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने कहा कि जनता कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाले इंडिया समूह को इस लोकसभा चुनाव का असली विजेता मानती है। वैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता नरेंद्र मोदी रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। निरंजन ने शनिवार को गांधी भवन में मीडिया से बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राहुल गांधी एक मजबूत और साहसी नेता के रूप में पहचाने जाते हैं एवं मोदी के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने मोदी की हालिया टिप्पणियों की आलोचना करते हुए सुझाव दिया कि वह अभी भी संकीर्ण सोच वाले हैं। मोदी ने टिप्पणी की थी कि कांग्रेस दस साल बाद भी 100 सीटें पार नहीं कर पाएगी। श्री निरंजन ने कहा कि जहां श्री मोदी ने तेलंगाना में कांग्रेस की विफलता एवं भाजपा की सीटें बढ़ने की बात कही वहीं उन्होंने यह नहीं बताया कि भाजपा 240 सीटों तक सीमित क्यों रही और उसे पहले की तुलना में कम सीटें कैसे मिली।

# जो ऐतिहासिक मंदिर खाक हो गया उसका पुजारी था मुसलमान

**गुलमर्ग, 08 जून (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग की पहाड़ी पर स्थित महारानी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध शिव मंदिर में 5 जून 2024 की तड़के आग लग गई। आग को तो बुझा लिया, लेकिन मंदिर पूरी तरह जल गया। आग लगने का कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। लगभग 109 साल पुराने इस मंदिर को कश्मीर के महाराजा हरि सिंह की धर्मपत्नी महारानी मोहिनी बाई सिसोदिया ने सन 1915 में बनवाया था।

महारानी मंदिर में मोहिनीश्वर शिव स्थित हैं। यह घास के मैदानों से घिरी एक पहाड़ी पर स्थित था। लकड़ी और पत्थरों से बने 109 साल पुराने इस शिव मंदिर का विशिष्ट पिरामिडनुमा गुंबद है। इसमें ऐसी खिड़कियाँ थीं, जो गुलमर्ग के सभी कोनों से दिखाई देती थीं। मंदिर के पुजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने मंदिर में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया। हालांकि, अभी असली वजह का पता नहीं चल पाया है। कश्मीर में 1990 के हिंदू विरोधी नरसंहार से पहले इस महारानी मंदिर की भव्यता और प्रसिद्धि अपने चरम पर थी। यही कारण है कि यहाँ ना सिर्फ हिंदू श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता था, बल्कि फिल्मों में इसे दिखाने की होड़ लगी रहती थी। उस समय तक मंदिर में पुजारी से लेकर इसका प्रबंधन तक हिंदुओं के हाथों में हुआ करता था। महाराजा हरि सिंह के समय से ही मंदिर में ब्राह्मण पुजारी नियुक्त थे।

यह मंदिर पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय था। इतना ही नहीं, इस मंदिर को बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी दिखाया जा चुका है। राजेश खन्ना और मुमताज अभिनीत सुपरहिट फिल्म आप की कसम का लोकप्रिय गाना जय जय शिव शंकर इसी मंदिर में फिल्माया गया था। इसके अलावा इसके अलावा फिल्म रोटी, अंदाज और कश्मीर की कली जैसी फिल्मों की शूटिंग भी इस मंदिर में हो चुकी है।1990 के दशक में घाटी में इस्लामी आतंकियों द्वारा हिंदुओं के खिलाफ छेड़े गए अभियान और हिंदुओं के पलायन के बाद यहां के हिंदू-सिखों के ही नहीं, बल्कि मंदिरों के भी दुर्दिन शुरू हो गए। हिंदुओं के पलायन के बाद पलायन के बाद यह मंदिर लंबे समय तक बंद रहा। बाद में बारामुला जिले के दंडमुह निवासी गुलाम मोहम्मद शेख ने 23 सालों तक इस मंदिर की देखभाल और पूजा-अर्चना की। गुलाम मोहम्मद शेख को धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से मासिक वेतन पर शुरू में चौकीदार के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में उन्होंने हिंदुओं के पवित्र कर्मकांड एवं अनुष्ठान की विधि को सीखा। मंदिर में जब नियमित पुजारी की अनुपस्थिति हो गई तो गुलाम मोहम्मद शेख पूजा के साथ-साथ शाम और सुबह की आरती करने लगे। साल 2021 में वह इस काम से सेवानिवृत्त हो गए।

गुलमर्ग पुलिस थाने के प्रभारी सब इंस्पेक्टर फारूक अहमद के अनुसार, मंदिर की देखरेख पुजारी समेत तीन लोग करते हैं। इनमें दो लोग स्थानीय मुस्लिम समुदाय से हैं। इनमें से एक गुलाम मोहम्मद शेख का भांजा है। मंदिर छोटा होने के चलते रात को दोनों मंदिर के निकट स्थित हट में चले जाते थे। घटना की रात मंदिर का पुजारी भी निकटवर्ती गुरुद्वारे में सो रहा था।अब यह मंदिर जम्मू-कश्मीर धर्मार्थ ट्रस्ट के अधीन है। नवंबर 2023 में धर्मार्थ ट्रस्ट ने पुरुषोत्तम शर्मा को मंदिर का पुजारी नियुक्त किया है। ट्रस्ट मंदिर के पुनर्निर्माण की तैयारी कर रहा है। वहीं, फारूक अहमद ने बताया कि शुरुआती जाँच में पता चला कि मंदिर में बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके कारण आग लगी। वहीं, पुजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने मंदिर में आगजनी की घटना से इनकार किया है। ऐसे में लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब मंदिर में न पुजारी सो रहा था और न ही उसका सहयोगी तो कैसे पता चला कि किसी ने आगजनी नहीं की। बिजली के तारों में भी छेड़छाड़ करके शॉर्ट सर्किट किया जा सकता है, क्योंकि घटना के वक्त मंदिर में कोई मौजूद नहीं था। लोगों का तर्क है कि ऐसा करके अब शांति को कदम बढ़ा रहे जम्मू-कश्मीर में माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों की अभी भी कमी नहीं है। वहीं, मंदिर में मुस्लिम व्यक्ति को देखभाल एवं पुजारी नियुक्त करने पर सवाल उठाया है। लोगों का तर्क है कि मंदिर एक पवित्र जगह है, जहाँ प्रवेश करने पर कई तरह नियम और कायदे का पालन करना जरूरी है। इनमें सात्विक भोजन, शुद्ध आचार-व्यवहार एवं अन्य तरह पाबंदियाँ भी शामिल हैं। उनका कहना है कि गुलाम मोहम्मद को मंदिर का देखरेख करने के लिए उस दौर में रखा गया था, जब वहाँ कोई हिंदू नहीं था। लोगों ने गुलाम मोहम्मद द्वारा मंदिर में पूजा-पाठ एवं आरती का विरोध किया। इसके साथ ही वर्तमान में नियुक्त किए गए दो मुस्लिम देखरेख करने वालों पर सवाल उठाया गया है। अन्य कुछ लोगों का तर्क है कि मंदिर की देखभाल करना अलग बात है और उसमें पूजा-पाठ करना अलग बात है। इसके पीछे लोगों ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की एक घटना का भी जिक्र किया। बीएचयू में संस्कृत विभाग में डॉक्टर फिरोज की नियुक्ति होने पर छात्रों ने जमकर बवाल किया था। उन्होंने कहा था कि डॉक्टर फिरोज को कर्मकांड का क्या जानकारी होगी। इसके खिलाफ छात्रों ने धरना प्रदर्शन भी किया था। हालांकि, बीएचयू के वीसी और कुछ प्रोफेसरों ने डॉक्टर फिरोज की प्रोफेसर पद पर नियुक्ति का समर्थन किया था। लोगों का यह भी तर्क है कि जिस मुस्लिम समुदाय में मूर्ति पूजा शिर्क है, हराम है। क्या वे उतनी पवित्रता या भाव से पूजा-पाठ या कर्मकांड को अंजाम देते होंगे या फिर सिर्फ इसे भी किसी दैनिक काम की तरह ही निपटाते होंगे। उनका तर्क है कि जिस तरह से एक गैर-मुस्लिम को कुरान आदि पढ़ने के बाद भी मौलवी आदि नहीं बनाया जा सकता, उसकी तरह हिंदू धर्म में भी गैर-हिंदू को पुजारी नहीं बनाया जाना चाहिए।

# कांग्रेस ने तेलंगाना एमएलसी उपचुनाव जीता

**नलगोंडा, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** कांग्रेस उम्मीदवार तीनमार मल्लन्ना, चिंतापंडु नवीन ने वारंगल-खम्मम-नलगोंडा स्नातक एमएलसी उपचुनाव में द्वितीय वरीयता मतों से जीत हासिल की। चुनाव आयोग को औपचारिक रूप से जीत की घोषणा करनी है। मल्लन्ना को प्रथम प्राथमिकता के 1,22,813 वोट मिले और बीआरएस उम्मीदवार ए. राकेश रेड्डी को 1,04,248 वोट मिले। भाजपा उम्मीदवार गुज्जला प्रेमेंद्र रेड्डी 24,313 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि 29,697 वोट निर्दलीय उम्मीदवार पलाकुरी अशोक को मिले।



मल्लन्ना को कोरा वोट नहीं मिलने के कारण कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को बाहर करने के बाद द्वितीय प्राथमिकता के वोटों की गिनती की गई। 34 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने वाले एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र में मल्लन्ना को हर राउंड में बहुमत मिला। मतगणना केंद्र पर मीडिया से बात करते हुए मल्लन्ना ने कहा कि उन्हें प्रथम और द्वितीय प्राथमिकता के मतों की गिनती में बहुमत मिला है। उन्होंने स्नातक मतदाताओं और कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने जीत के लिए काम किया। राकेश रेड्डी ने कहा कि तकनीकी रूप से भले ही वे हार गए हों, लेकिन उन्होंने नैतिक जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि वे तीनमार मल्लन्ना को 1,55,000 के कोरा वोट तक पहुंचने से रोकने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि वारंगल-खम्मम-नलगोंडा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 34 में से 32 विधानसभा क्षेत्रों पर कांग्रेस का कब्जा है।

इसके अलावा, कैबिनेट के आधे सदस्य इन 34 क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें लगा कि इस चुनाव ने सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार को कड़ी टक्कर देने का संतोष है। उन्होंने कहा, मुझे विधान परिषद में अपनी आवाज उठाने का मौका नहीं मिल सकता है, लेकिन मैं जनता के समर्थन से जीओ नंबर 64 और युवाओं के मुद्दों पर लड़ूंगा।

# केजरीवाल के प्रिय विभव कुमार को नहीं मिली जमानत



**नई दिल्ली, 08 जून (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रिय सहयोगी विभव कुमार को जमानत देने से अदालत ने फिर इन्कार कर दिया। विभव कुमार को मई में आपा की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर हमला करने और उनके साथ बदसलूकी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

तीस हजारी कोर्ट की विशेष न्यायाधीश एकता गौबा मान ने उन्हें जमानत देने से इनकार किया। उन्होंने कहा, इस तथ्य पर विचार करते हुए कि विभव कुमार पर माननीय मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर राजनीतिक दल की एक महिला सदस्य के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप है, जहां न केवल उनके राजनीतिक दल के निर्वाचित सदस्य माननीय मुख्यमंत्री से मिल सकते हैं बल्कि यहां तक कि आम जनता भी अपनी शिकायतों के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री से मिल सकती है। इससे आम जनता के मन में अपने नेता से मिलने के लिए डर और घबराहट पैदा होती है।

जज एकता गौबा ने कहा कि पीड़िता के मन में अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर डर है और उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। जज ने कहा कि यह भी माना गया कि जमानत मिलने पर विभव कुमार गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। बता दें कि विभव कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं। स्वाति मालीवाल की मेडिकल जांच रिपोर्ट के अनुसार उन्हें लगी चोटें स्पष्ट हैं। कोर्ट में विभव कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर भी विचार किया गया। विभव पर आईपीसी की धारा 308, 341, 354, 354बी, 506, 509 और 201 के तहत आरोप लगाए गए हैं। ये सभी आरोप गंभीर हैं।

विभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास के ड्राइंग रूम में स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की थी। गंदी गालियां दी थीं और उनके साथ बदसलूकी की थी। कोर्ट ने इस तथ्य को भी ध्यान में रखा कि विभव कुमार मुख्यमंत्री के निजी सचिव हैं और उन पर न केवल उसी पार्टी के संसद सदस्य, बल्कि एक महिला के साथ भी दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है।

# भारत गौरव पुण्य क्षेत्र यात्रा ट्रेन सिकंदराबाद से अयोध्या के लिए रवाना




**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या और काशी के लिए भारत गौरव पुण्य क्षेत्र यात्रा ट्रेन ने शनिवार को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू की। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शानदार ऐतिहासिक स्थलों को प्रदर्शित करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई थीम-आधारित पर्यटक सर्किट ट्रेन, भारत गौरव, रेल यात्रियों के बीच एक बड़ी सफलता रही है।

दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) की एक विज्ञप्ति के अनुसार 19वीं भारत गौरव ट्रेन ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ नागरिकों दिनेश चटके (75) और साधना छुटके (63) के साथ अपनी यात्रा शुरू की। आज अपनी यात्रा शुरू करने वाली अयोध्या-काशी पुण्य क्षेत्र यात्रा भारत गौरव ट्रेन 100 प्रतिशत क्षमता के साथ चल रही है। ट्रेन तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के रेल यात्रियों को अयोध्या में नवनिर्मित राम जन्मभूमि और ज्योतिर्लिंगों में से एक, काशी विश्वनाथ मंदिर की यात्रा करने का अवसर प्रदान करती है, साथ ही गया में आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए या पिंड अनुष्ठान (अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करना) करने का अवसर प्रदान करती है।

सिकंदराबाद के अलावा, ट्रेन दो तेलुगू राज्यों में काजीपेट (वारंगल), खम्मम, विजयवाड़ा, एलुरु, राजमुंदरी, समालकोट, विजाग (पेंडुर्थी) और विजयनगरम में बोर्डिंग और डी-बोर्डिंग की सुविधाएं प्रदान करती है।

यह ट्रेन यात्रियों को 10 दिनों में पुरी, गया, वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर लेकर जाएगी। ट्रेन में यात्रियों के लिए एसी और गैर-एसी दोनों की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 2 एसी, 3 एसी और स्लीपर कोच शामिल हैं। सभी खंडों की लोकप्रियता को दर्शाते हुए, सिकंदराबाद स्टेशन और अन्य स्टेशनों के रेल यात्रियों ने एसी और गैर-एसी दोनों सेवाओं का लाभ उठाया है।

दमरे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के लिए यात्रियों से मिली अच्छी प्रतिक्रिया पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत गौरव ट्रेनें देश में आध्यात्मिक पर्यटन के विकास को बढ़ावा दे रही हैं। श्री जैन ने रेल यात्रियों से व्यक्तिगत यात्रा कार्यक्रम की योजना बनाने की परेशानी के बिना सांस्कृतिक रूप से प्रमुख और ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा करने के अवसर का उपयोग करने की अपील की।

# असम राइफल्स ने मणिपुर के पांच उग्रवादियों को बचाया

**इंफाल, 08 जून (एजेंसियां)।** असम राइफल्स ने भारत-म्यांमार सीमा के पास मणिपुर के दो संगठनों के पांच उग्रवादियों को बचाया और उन्हें मुख्यधारा में लौटने में मदद की। शनिवार को यहां असम राइफल्स के महानिरीक्षक (आईजीएआर-दक्षिण) के परिसर में आयोजित एक समारोह में पांचों युवाओं को उनके माता-पिता से मिलाया गया।

आईजीएआर (दक्षिण) मेजर जनरल रावरूप सिंह ने पांच युवाओं और उनके माता-पिता से बातचीत की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह युवाओं का मुख्यधारा में लौटने पर स्वागत करते हैं और असम राइफल्स अधिक लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयास करते रहेगी।

असम राइफल्स के जन सम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) के एक बयान में कहा गया है कि म्यांमार सेना और विद्रोही बलों के बीच चल रहे संघर्ष ने मणिपुर के उग्रवादियों के लिए खतरा बढ़ा है और उन्हें सुरक्षा की तलाश में शिविरों से भागने के लिए प्रेरित किया है। असम राइफल्स ने उन्हें खतरे से बाहर निकालने में मदद करके दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। टेंग्नौपाल जिले में किया गया ऑपरेशन मणिपुर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए असम राइफल्स की प्रतिज्ञा को रेखांकित करता है।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**निविदा सूचना सं. 75/2024, दि. 07-06-2024**
भण्डार आइटमों की आपूर्ति
पीयूबी/0542

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

निम्नलिखित निविदाएँ ऑनलाइन जारी की गयी हैं। निविदादाताओं से आग्रह है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और अपने प्रस्तावों को ऑनलाइन जमा करें। **निविदा विवरण, मात्रा, पूधरा एवं एसडी वेबसाइट में देखी जा सकती है।** व्यक्तिक प्रस्तुत प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। डाक द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा बन्द होने का समय निविदा की नियत तिथि को **14.30 बजे** है। 'सभी देशज प्रस्तावों के लिए पूधरा को www.ireps.gov.in पर उपलब्ध अनुसार ऑनलाइन प्रणाली द्वारा ही स्वीकार किया जाएगा।'

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| 66.24.5371 | प्रिन्टेड सर्किट बोर्ड्स का अधिप्रापण |
| 33.24.1091 | सेकेण्डरी लेटरल डैम्पर |
| 38.24.1219ए | शैंक वियर प्लेट के साथ कप्लर बॉडी |
| 81.24.1332बी | थर्मो सेटिंग एडहेसिव |
| 31.24.2096 | इलेक्ट्रो न्यूमैटिक ब्रेक यूनिट |
| 80.24.1193ए | एक्जोन आर्पेन आरबी 320 ग्रीस एक्सोन |
| 33.24.1321 | जनरेटर के लिए प्राइमरी स्प्रिंग इन्नर |
| 90.24.1164 | एम.एस. फ्लैट्स स्टील साइज 45X6 एमएम |
| 65.24.5003 | आपूर्ति, प्रतिष्ठापन एवं आरंभ करना |
| 38.24.1180 | वायर के साथ ब्रीथर असेम्बली |
| 77.24.1321ए | पेंट एनामल सिंथेटिक एप्रिकोट |
| 67.24.5001ए | आपूर्ति, प्रतिष्ठापन एवं प्रारंभ करना |
| एलएम245218ए | एडवांस्ड एफेरेसिस सिस्टम |
| 38.24.2375 | बोगी उपकरण के लिए केबल |
| 67.24.5004 | इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग क्रेन |
| 33.24.1094 | जनरेटर कार के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग आउटर |
| 33.24.1104 | जनरेटर के लिए प्राइमरी स्प्रिंग आउटर |
| 38.24.2120 | कांस्टेंट कान्टैक्ट पॉलीमर के लिए ओएच किट |
| 38.24.2348 | प्रेशर ट्रांसफार्मर रेफ. पार्ट |
| 45.24.1050 | अलार्म चेन पुल इंडीकेशन लाइट |
| 31.24.1632 | बॉडी साइड विंडो अरेंजमेंट |
| 34.24.2311 | कांस्टेंट के लिए पॉलिमर रिंग्स |
| 38.24.2312 | पु लाइनिंग (टॉप एवं बॉटम) |

टिप्पणी : निविदा खोलने की नियत तिथियाँ : दि. 24-06-2024 को क्र.सं. 01 से 05, दि. 25-06-2024 को क्र.सं. 06 एवं 07, दि. 26-06-2024 को क्र.सं. 08 से 10, दि. 27-06-2024 को क्र.सं. 11 से 14, दि. 28-06-2024 को क्र.सं. 15 एवं 16, दि. 01-07-2024 को क्र.सं. 17 से 19, दि. 02-07-2024 को क्र.सं. 20, दि. 03-07-2024 को क्र.सं. 21, दि. 04.07.2024 को क्र.सं. 22, दि. 08.07.2024 को क्रम सं. 23.

शुद्धिपत्र

(1) निविदा सूचना सं. 71/2024 दि. 10-05-2024. निविदा सं. 56.24.1006. नियत तिथि 10-06-2024. संक्षिप्त विवरण : पीवीसी इंसुलेटेड केबल कंडक्टर नियत तिथि को विद्यमान के बजाय 14-06-2024 को पढ़ा जा सकता है।

**ऊपर** उल्लेखित निविदाओं के **अतिरिक्त** रु. 25 लाख से कम मूल्य की अन्य निविदाएँ हैं। विवरणों के लिए, कृपया उपरोक्त रेलवे वेबसाइट देखें।

**प्रिंसिपल चीफ मटेरियल मैनेजर, सिकन्दराबाद**

**निविदा सूचना सं. एनईडी/ई-11 एवं/12/2024-25, दि. : 07-06-2024.**
पीयूबी/0545

निम्नलिखित **ई-निविदाओं** के लिए **www.ireps.gov.in** पर प्रस्ताव आमंत्रित हैं।

**क्र.सं. : 01. एनईडी/ई-11/2024-25. कार्य का नाम** : नांदेड़ डिवीज़न - कन्ट्रोल पैनल्स सहित अत्याधिक पुराने एलटी/एचटी स्विच गियर का प्रतिस्थापन। **अनुमानित मूल्य** : रु. 78,07,685/-, **बोली सुरक्षा** : रु. 1,56,200/-, **प्रस्ताव की वैधता** : 60 दिन, **पूरा करने की अवधि** : 6 महीने। नांदेड़ डिवीजन प्रशासन के अंतर्गत उपलब्धता **www.ireps.gov.in** पर, **बंद होने की तिथि व समय** : 28-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्र.सं. : 02. एनईडी/ई-12/2024-25. कार्य का नाम** : नांदेड़ डिवीज़न - नांदेड़ डिवीजन पर आवश्यक स्थानों पर डिफेक्टिव मदें (ए/सी, वाटर कूलर एवं विभिन्न क्षमताओं के पम्प सहित) का प्रतिस्थापन एवं नए मदों को जोड़ना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 88,64,846/-, **बोली सुरक्षा** : रु. 1,77,300/-, **प्रस्ताव की वैधता** : 60 दिन, **पूरा करने की अवधि** : 6 महीने। नांदेड़ डिवीजन प्रशासन के अंतर्गत उपलब्धता **www.ireps.gov.in** पर. **बंद होने की तिथि व समय** : 28-06-2024 को 15.00 बजे।

**बंद होने की तिथि व समय** : 18-09-2023 को 15-00 बजे।

निविदा दस्तावेज़, योग्यता मानदंड के विवरण, विशेष शर्तों इत्यादि के लिए हमारी ऊपर उल्लेखित वेबसाइट देखें। यह सलाह है कि प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पूर्व देख लें कि ऑनलाइन कोई शुद्धिपत्र तो जारी नहीं किया गया।

**डिवीज़नल रेलवे मैनेजर (इले), नांदेड़**

**निविदा सूचना सं. 14 से 20_डीआरएम_डब्ल्यू_एचवाईबी, दिनांक : 06-06-2024**
पीयूबी/0543

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डिवीजनल रेलवे मैनेजर/कार्य, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकन्दराबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए 28-06-2024 को 15-00 बजे तक ई-अधिप्रापण के माध्यम से सार्वजनिक निविदाएँ आमंत्रित हैं।

**निविदा सं. :** 14_डीआरएम_डब्ल्यू_एचवाईबी. **कार्य का नाम :** सिकन्दराबाद-मुदखेड सेक्शन : एमओबी - एसआईपीटी एवं एकेई-एमडीएके सेक्शन के एमओबी - एसआईपीटी एवं एकेई - एमडीएक सेक्शनों के अन्तर्गत पृथक स्थानों पर सेस मरम्मत कार्यों के लिए प्रस्ताव। **अनुमानित मूल्य रु. :** 2,85,95,220/-, **पूर्व धरोहर राशि रु. :** 2,93,200/-

**निविदा सं. :** 15_डीआरएम_डब्ल्यू_एचवाईबी. **कार्य का नाम :** सिकन्दराबाद-धोन सेक्शन : **(1)** काचीगुड़ा : एप्रोन रोड सं. 3 एवं 4 में पम्पिंग स्लीपर्स के ब्रोकन पीएससी स्लीपर्स एवं ग्राउटिंग का प्रतिस्थापन, (2) ब्रिजों एवं एप्रोचों पर क्षतिग्रस्त स्लीपर्स का रिन्यूअल। **अनुमानित मूल्य रु. :** 60,01,557/-, **पूर्व धरोहर राशि रु. :** 1,20,000/-

**निविदा सं. :** 16_डीआरएम_डब्ल्यू_एचवाईबी. **कार्य का नाम :** हैदराबाद डिवीज़न : सिकन्दराबाद - धोन सेक्शन : एलसी गेटों के स्थान पर निर्मित वाटर लॉगिंग आरयूबीएस से वर्षा के पानी को निकालना। **अनुमानित मूल्य रु. :** 93,09,425/-, **पूर्व धरोहर राशि रु. :** 1,86,200/-

**निविदा सं. :** 17_डीआरएम_डब्ल्यू_एचवाईबी. **कार्य का नाम : हैदराबाद डिवीज़न : सिकन्दराबाद** - 01-07-2024 से 30-06-2025 तक की अवधि के लिए एडीईएन/ईआई/एचवाईबी के नियंत्रण के अन्तर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एनएलजीडी एवं एसएसई/डब्ल्यू/आरएन के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत क्वार्टर्स एवं सर्विस बिल्डिंग्स की वार्षिक मरम्मत/रखरखाव। **अनुमानित मूल्य रु. :** 2,71,70,835/-, **पूर्व धरोहर राशि रु. :** 2,85,900/-

**निविदा सं. :** 18_डीआरएम_डब्ल्यू_एचवाईबी. **कार्य का नाम : हैदराबाद डिवीज़न : सिकन्दराबाद** - 01-07-2024 से 30-06-2025 तक की अवधि के लिए एडीईएन/ई-II/एचवाईबी के नियंत्रण के अन्तर्गत एसएसई/डब्ल्यू/जीओसी एवं एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूडब्ल्यू/एससी के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत क्वार्टर्स एवं सर्विस बिल्डिंग्स की वार्षिक मरम्मत/रखरखाव। **अनुमानित मूल्य रु. :** 2,17,31,273/-, **पूर्व धरोहर राशि रु. :** 2,58,700/-

**निविदा सं. :** 19_डीआरएम_डब्ल्यू_एचवाईबी. **कार्य का नाम : हैदराबाद डिवीज़न :** सिकन्दराबाद - 01-07-2024 से 30-06-2025 तक की अवधि के लिए एडीईएन/ई-II/एचवाईबी के नियंत्रण के अन्तर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एमएलवाई, एसएसई/डब्ल्यू/सीकेएल एवं एसएसई/डब्ल्यू/केसीजी के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत क्वार्टर्स एवं सर्विस बिल्डिंग्स की वार्षिक मरम्मत/रखरखाव। **अनुमानित मूल्य रु. :** 5,64,05,420/-, **पूर्व धरोहर राशि रु. :** 4,32,000/-

**निविदा सं. :** 20_डीआरएम_डब्ल्यू_एचवाईबी. **कार्य का नाम : हैदराबाद डिवीज़न : सिकन्दराबाद** - 01-07-2024 से 30-06-2025 तक की अवधि के लिए एडीईएन/ईआई/एचवाईबी के नियंत्रण के अन्तर्गत एसएसई/एसईसी-I/एसएलजीडी, एसएसई/एसईसी-II/एसएलजीडी, एसएसई/डब्ल्यू/आईआरआईएसईटी, एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूडब्ल्यू/एसएलजीडी एवं एसएसई/डब्ल्यू/एसएलजीडी के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत क्वार्टर्स एवं सर्विस बिल्डिंग्स की वार्षिक मरम्मत/रखरखाव। **अनुमानित मूल्य रु. :** 5,46,91,250/-, **पूर्व धरोहर राशि रु. :** 4,23,500/-

अतिरिक्त विवरणों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

**डिवीजनल रेलवे मैनेजर/कार्य/ हैदराबाद**

**सार्वजनिक ई-निविदा सूचना सं. सी/ई.29/इले./एम/एससी/09/ओईडब्ल्यू/ओटी/2024-25 दि. 06-06-2024**
पीयूबी/0544

वृत्ते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दिए गए कार्य के लिए **28-06-2024** को **15.00 बजे** तक ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं. :** 01. **ई-निविदा सं.** : ई-निविदा सं. सी/ई.29/इले./ एम/एससी/09/ओईडब्ल्यू/ओटी/2024-25. ई-निविदा सं. ई-एम-एससी-09-ओटी-2024-25. **कार्य का नाम : सिकन्दराबाद डिवीजन : विद्युतीय रखरखाव विभाग** - प्लेटफार्म, स्ट्रीट लाइटिंग, सर्किट्स, लिफ्ट्स एवं एस्केलेटर्स पर पम्प्स, 30 प्रतिशत -70 प्रतिशत लाइटिंग के बढ़ोत्तरी सहित वेब आधारित मॉनिटरिंग (एलओटी) एवं कंट्रोल्स का प्रावधान एवं आईआर नियंत्रक पोर्टल के साथ इंटिग्रेट करना - विद्युत व्यवस्था। **निविदा मूल्य (रु.)** : 2,73,15,363.00, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 2,86,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. 0.00, **पूरा करने की अवधि** : 03 महीने।

**वरि. मंडलीय विद्युतीय अभियंता (एम), सिकन्दराबाद**

**A0691**

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in' या www.scr.indianrailways.gov.in देखें


# ईनाडु समूह के अध्यक्ष चेरुकुरी रामोजी राव नहीं रहे

## राष्ट्रपति मुर्मु, पीएम मोदी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जताया शोक



**हैदराबाद, 08 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ईनाडु समूह के अध्यक्ष चेरुकुरी रामोजी राव का शनिवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि श्री राव को सांस लेने में तकलीफ के चलते पांच जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि इलाज के दौरान शनिवार को तड़के 04.50 बजे उनका निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा, जहां परिवार, मित्र और प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

रामोजी राव बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। हॉस्पिटैलिटी, एनबीएफसी, खाद्य और खुदरा स्टोर श्रृंखला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनका अतुलनीय योगदान रहा। रामोजी राव सर्वाधिक प्रसारित तेलुगु दैनिक ईनाडु, न्यूज़ चैन ई-टीवी और डिजिटल चैनल ई-टीवी भारत के संस्थापक थे।

रामोजी राव ईनाडु समाचार पत्र और ईटीवी के विभिन्न चैनलों के साथ-साथ दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म सिटी रामोजी फिल्म सिटी, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ होटल्स, मार्गदर्शी चिट फंड, फिल्म निर्माण कंपनी उषाकिरण मूवीज, प्रिया फूड्स के संस्थापक थे।

16 नवंबर 1936 को तटीय आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में जन्म लेने वाले रामोजी राव ने साल 1962 में मार्गदर्शी चिट फंड की शुरुआत की, जो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना और अन्य राज्यों में ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। मध्यमवर्गीय किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले रामोजी राव ने 1969 में किसानों के लिए एक पत्रिका अन्नदाता की शुरुआत करके मीडिया क्षेत्र में कदम रखा था। उन्होंने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया था।

1974 में विशाखापत्तनम में उन्होंने ईनाडु समाचार पत्र की शुरुआत की और मीडिया इंडस्ट्री में क्रांति ला दी। यह कई संस्करणों के साथ सबसे अधिक प्रसारित होने वाला तेलुगु दैनिक बना हुआ है। ईनाडु को इस मुकाम तक पहुंचाने में रामोजी राव श्रेय उन्हें ही जाता है। उन्होंने सुनिश्चित किया कि समाचार पत्र पाठकों तक देरी से पहुंचने के बजाय सूर्योदय से पहले पहुंचे। सरल तेलुगु भाषा का उपयोग, स्थानीय समाचारों की बढ़ी हुई कवरेज और प्रत्येक जिले के लिए विशेष संस्करणों ने समाचार पत्र को पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया।

प्राकृतिक आपदाओं के बाद ईनाडु राहत कोष से एकत्रित धन से कई राज्यों में स्थायी घर और स्कूल बनाए गए हैं। इंटरनेट के आगमन के साथ ईनाडु द्वारा गढ़े गए कई तेलुगु शब्द तेलुगु शब्दावली का हिस्सा बन गए हैं। दूरदर्शन के बाद ईटीवी उन सैटेलाइट मनोरंजन चैनलों में से एक था जिसने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। ईटीवी कुछ ही समय में एक घरेलू नाम बन गया था। इसके बाद जल्द ही ईटीवी के अन्य चैनलों का विस्तार हुआ, जिसमें कन्नड़, बंगाली और हिंदी भाषाएं शामिल थीं।

रामोजी फिल्म सिटी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। हैदराबाद के बाहरी इलाके में स्थित रामोजी फिल्म सिटी में लगभग सभी भारतीय भाषाओं में फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। रामोजी राव को 2016 में दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें कई अन्य पुरस्कार और विभिन्न विश्वविद्यालयों से मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी मिली थी।

♦ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं ने ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव के निधन पर शनिवार को शोक व्यक्त किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत ने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का एक दिग्गज खो दिया है। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा,एक नवोन्वेषी उद्यमी रामोजी ने ईनाडु अखबार, ईटीवी समाचार नेटवर्क और रामोजी फिल्म सिटी सहित कई उद्यमों का नेतृत्व किया। पद्म विभूषण से सम्मानित, वह सफल हुए क्योंकि उनकी दृष्टि अनिवार्य रूप से समाज में निहित थी। इस उद्योग में उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उन्होंने ट्वीट किया, उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।



♦ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह ईनाडु मीडिया ग्रुप के अध्यक्ष और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि रामोजी राव का निधन बेहद दुखद है। श्री मोदी माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर पत्रकारिता और फिल्म उद्योग में श्री राव के योगदान पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया,वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय मीडिया में क्रांति ला दी। उनके समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। अपने उल्लेखनीय प्रयासों के माध्यम से उन्होंने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार और उत्कृष्टता के लिए नए मानक स्थापित किए। उन्होंने कहा,रामोजी राव भारत के विकास को लेकर बेहद भावुक थे। श्री मोदी ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनके साथ बातचीत करने और उनकी बुद्धिमत्ता से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। इस कठिन समय के दौरान उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति।



♦ हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रतिष्ठित व्यवसायी, मीडिया उद्यमी और फिल्म निर्माता श्री चेरुकुरी रामोजी राव के निधन पर गहरा



दुख व्यक्त किया है। वह रामोजी समूह के प्रतिष्ठित प्रमुख भी थे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को हैदराबाद में श्री चेरुकुरी रामोजी राव के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री बंडारू ने अपने शोक सन्देश में कहा श्री रामोजी के दूरदर्शी नेतृत्व और उद्यमशीलता की भावना ने भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी है। श्री दत्तात्रेय ने कहा, एक अग्रणी के रूप में, उनके अभिनव उद्यमों ने भारतीय पत्रकारिता और सिनेमा के परिदृश्य को बदल दिया। राज्यपाल ने कहा कि उनकी कृति ईनाडु, जो सबसे अधिक प्रसार वाले क्षेत्रीय समाचार पत्रों में से एक है, ने मीडिया क्षेत्र में क्रांति ला दी, लाखों तेलुगु भाषी लोगों तक समाचार और जानकारी पहुंचाई। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े फिल्म स्टूडियो कॉम्प्लेक्स, रामोजी फिल्म सिटी की स्थापना के साथ फिल्म उद्योग में उनका प्रवेश, उत्कृष्टता और रचनात्मकता की उनकी निरंतर खोज का एक प्रमाण है। राज्यपाल ने कहा श्री रामोजी राव का योगदान मीडिया और मनोरंजन से परे है। वह एक परोपकारी व्यक्ति थे जिनकी शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक कल्याण में की गई पहलों ने अनगिनत लोगों के जीवन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। ईमानदारी, समर्पण और सेवा की उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार, दोस्तों और उन अनगिनत लोगों के साथ हैं जिनके जीवन को उन्होंने अपने काम से प्रभावित किया। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि उन्हें उनके उल्लेखनीय जीवन और उपलब्धियों की यादों में शक्ति और सांत्वना मिले।

♦ तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा, आज प्रख्यात उद्योगपति एवं पद्मविभूषण से सम्मानित चेरुकुरी रामोजी राव के निधन से गहरा सदमा लगा है। कांग्रेस सरकार ने रामोजी राव के अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली गए श्री रेड्डी ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रामोजी को तेलुगू पत्रकारिता में विश्वसनीयता जोड़ने और तेलुगू औद्योगिक क्षेत्र में मूल्य जोड़ने का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि रामोजी के बिना तेलुगू प्रेस और मीडिया क्षेत्र कभी भी इस कमी को पूरा नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा, ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति मिले। श्री रामोजी के परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।



♦ तेलंगाना, झारखंड के राज्यपाल और पुड्डुचेरी के उपराज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चेरुकुरी रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने एक संदेश में कहा, हमारे प्रिय श्री रामोजी राव के निधन की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। एक सच्चे किंवदंती उन्होंने अपने गहन और व्यापक योगदान से भारतीय मीडिया और सिनेमा में क्रांति ला दी। उन्होंने कहा कि श्री राव ने पत्रकारिता-प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक दोनों के साथ-साथ भारतीय सिनेमा पर उनके असाधारण प्रभाव ने उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी है।



♦ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने श्री रामोजी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, श्री रामोजी राव गारू के निधन से दुखी हूं। तेलुगु मीडिया और पत्रकारिता में उनका उल्लेखनीय योगदान सराहनीय है। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

♦ आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एन अब्दुल नजीर, मनोनीत मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और कार्यवाहक मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने ईनाडु समूह के अध्यक्ष सीएच रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने शनिवार को यहां एक संदेश में लंबी बीमारी के बाद हैदराबाद में ईनाडु समूह के अध्यक्ष श्री रामोजी राव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि श्री रामोजी राव मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र के दिग्गज थे और पत्रकारिता के उच्च मानक स्थापित करने के लिए जाने जाते थे।



♦ मनोनीत मुख्यमंत्री और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख नारा चंद्रबाबू नायडू ने मीडिया दिग्गज श्री रामोजी राव के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।



♦ पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शनिवार को कहा, मुझे पद्म विभूषण से सम्मानित ईनाडु समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष रामोजी राव के निधन से गहरा दुख हुआ है। श्री नायडू ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, श्री रामोजी राव एक संस्था-निर्माता से कहीं अधिक थे, वह अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने कहा कि श्री रामोजी राव ने तेलुगु समाचार पत्र ईनाडु के माध्यम से लोगों की नब्ज को टटोला। उनके नेतृत्व में इनाडु और उसका टीवी नेटवर्क तेलुगु लोगों के दिल की धड़कन बनकर उभरा। ।

♦ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। सीएम योगी ने मीडिया और फिल्म उद्योग में उनके योगदान को अभूतपूर्व और अतुलनीय करार दिया है। अपने एक्स हैंडल पर सीएम योगी ने कहा, रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव जी के निधन से दुखी हूं। मीडिया और फिल्म उद्योग में उनके योगदान और रामोजी समूह के माध्यम से उनकी विरासत ने एक अमिट छाप छोड़ी है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। प्रभु श्रीराम उन्हें इस बड़े नुकसान को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ओम शांति। उल्लेखनीय है कि रामोजी ग्रुप के फाउंडर, मशहूर फिल्म प्रोड्यूसर और रामोजी फिल्म सिटी के मालिक रामोजी राव ने शनिवार की सुबह आखिरी सांस ली। रामोजी राव पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे और 5 जून को उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्होंने रामोजी ग्रुप की नींव रखी थी, जिसमें दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म स्टूडियो रामोजी फिल्म सिटी, ईटीवी नेटवर्क, डॉल्फिन हॉटल्स, मार्गदर्शी चिटफंड और ईनाडू तेलुगु अखबार भी आता है।



### राजकीय सम्मान के साथ आज किया जाएगा अंतिम संस्कार

ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का अंतिम संस्कार रविवार को यहां रामोजी फिल्म सिटी के पास राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। राज्य की कांग्रेस सरकार ने मीडिया टाइकून रामोजी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को श्री राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्देश दिया।

# भारतीय सेना को मिले 355 युवा जांबाज अफसर

## पास आउट परेड में अंतिम पग रखते ही बने सेना के अंग

## विदेशी मित्र राष्ट्रों के 39 अफसर भी इस दौरान पास आउट हुए

**देहरादून, 08 जून (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के इतिहास में शनिवार का दिन और तारीख एक नई इबादत के रूप में दर्ज हो गया। जहां 154 नियमित पाठ्यक्रम और 137 तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम के कुल 394 अधिकारी कैडेट पास आउट परेड (पीओपी) में अन्तिम पग रखते ही सेना के अंग बन गए। इन कैडेट्स में दस विदेशी मित्र देशों के 39 अधिकारी कैडेट भी शामिल हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम, जीओसी-इन-सी, नॉर्दर्न कमांड, ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उन्होंने सभी चयनित अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय सेना को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सैनिकों पर गर्व है, जिनके पास युद्ध और परिचालन अनुभव के वर्षों से प्राप्त ज्ञान है। लेफ्टिनेंट जनरल श्री कुमार ने कहा कि जब आप इकाइयों में शामिल होते हैं, तो वे आपको साहस, अखंडता, ईमानदारी और चरित्र के लिए न्याय करेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि आपको विनम्रता प्रदर्शित करनी चाहिए और अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए। जब निर्णय लेने



का समय हो, तो आपको उनकी बात अवश्य सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने प्रति, अपने हथियारबंद साथियों के प्रति और हमारे पेशे के महान आदर्शों के प्रति सच्चे रहें। हमेशा सम्मान के साथ नेतृत्व करें, विशिष्टता के साथ सेवा करें, और कर्तव्य के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपने आस-पास के लोगों को प्रेरित करें।

जीओसी-इन-सी ने कहा कि आज युद्ध की गतिशीलता तेजी से बदल रही है। तकनीकी परिवर्तन आधुनिक युद्धों के चरित्र पर लगातार प्रभाव डाल रहा है। युद्ध में अंतरिक्ष, साइबर और संज्ञानात्मक डोमेन का उपयोग समकालीन वास्तविकताएँ हैं। उन्होंने कहा कि सूचना युद्ध, ड्रोन, स्वायत्त प्रणाली, साइबर, ईएम स्पेक्ट्रम का शोषण और मानव-मशीन टीमिंग, नए सामान्य को शामिल करते हैं। वास्तव में, इन सभी डोमेन को विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के उपयोग के साथ हर गुजरते दिन के साथ परिष्कृत किया जा रहा है, जिससे युद्धों की जटिलताएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के युद्ध विचारों, बुद्धि और नवीनता के युद्ध हैं।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड में छह माओवादी मारे गए

## इनमे चार आठ लाख के ईनामी नक्सली भी शामिल

**जगदलपुर, 08 जून (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को नारायणपुर, दंतेवाडा, बस्तर और कोंडागांव सरहद में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए। इन दिनों एंटी नक्सल ऑपरेशन सघन रूप से चलाया जा रहा है। इसके तहत पांच जिले के सरहद में पुलिस की संयुक्त कारवाई करते हुए छह माओवादी को मार गिराया गया इनमें से तीन वर्दीधारी महिला नक्सली एवं तीन पुरुष नक्सली शामिल है। जिनमें चार आठ लाख के ईनामी नक्सली शामिल हैं।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुदंरराज पी ने शनिवार को यहां पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद तलाशी की गई इस दौरान एक नग 303 एवं 315 रायफल सहित 12 बोर बंदूक एवं बीजीएल लांचर भी बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में तीन जिला रिजर्व के पुलिस जवान घायल हुए जिनमें पुलिस उप-निरिक्षक कचरू राम कोर्राम, आरक्षक मंगलू राम कुमेटी तथा भारतसिंह को आज बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मारे माओंवादी मासिया उर्फ मेसिया मंडावी उम्र 32 वर्ष टीम कमांडर प्लाटून नं. 02 सेक्शन, 08 लाख का ईनामी, जयराम सलाम 05 लाख का ईनामी, रमेश कोर्राम डीप्टी कमांडर 08 लाख का ईनामी, सन्नी उर्फ सुंदरी 08 लाख के ईनामी, सजन्ती पोयाम 08 लाख का ईनामी तथा जननी उर्फ जन्नी 01 लाख का ईनामी शामिल है। सुन्दरराज ने बताया कि बस्तर संभाग में वर्ष-2024 में अभी तक कुल 71 मुठभेड़ हुई तथा 123 माओवादियों के शव एवं 136 हथियार बरामद किए गए।


शुभ लाभ — Classifieds — FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, APPALANARASAMMA KINTHADA Legally Mother of Service No :-6498517X, Rank :-L/NK, Name :- GURUADHA RAO KINTHADA,UNIT : 554 ASC BN, C/O 56APO, H.No. 65-6-486,VILL :- Himachal Nagar, Post :- GAJUWAKA, Teh : VISAKHAPATNAM, Dist :VISAKHAPATNAM, State : ANDHRAPRADESH, PIN :-530026, Changed my Name From **KINTHADA APPALANARSHAMMA** to **APPALANARASAMMA KINTHADA** Mother of L/NK GURUNADHA RAO KINTHADA Aadhar Card No :- 7347 5952 1926 Affidavit Signed by Advocate and NOTARY P. Raveendranath B.Com, B.L ON 08/06/24

**CHANGE OF NAME**

I, KINTHADA DURGA RAO Legally Father of Service NO :-6498517X, Rank: L/NK, NAME :- GURUNADHA RAO KINTHADA,UNIT :-554 ASCBN, C/O 56APO, H.NO :- 65-6-486, Vill:Himachal Nagar, Post :- GAJUWAKA,Teh : VISAKHAPATNAM, Dist : VISAKHAPATNAM, State :-Andhra Pradesh, PIN :- 530026, Changed my Name from **DURGA RAO** to **KINTHADA DURGA RAO** Father Of L/NK GURUNADHA RAO KINTHADA Aadhar Card NO :- 2088 2102 3386 Affidavit Signed by Advocate and NOTARY P. Raveendranath B.com, B.L ON 08/06/2024

**CHANGE OF NAME**

I, KINTHADA PRIYANKA Legally Spouse of Service NO :-6498517X, RANK :- L/NK, Name :- GURUNADHA RAO KINTHADA, UNIT: 554 ASC BN, C/O 56 APO, H No. 65-6-486, Vill : Himachal Nagar, Post :- GAJUWAKA,Teh : VISAKHAPATNAM, Dist : VISAKHAPATNAM, State :- Andhra Pradesh, PIN :- 530026, Changedmy Name from **PRIYANKA KINTHADA** to **KINTHADA PRIYANKA** Wife of L/NK GURUNADHA RAO KINTHADA Aadhar card No :- 9363 9719 3073 Affidavit Signed by Advocate and NOTARY P.Raveedranath B.Com, B.L ON 08/06/24

